हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के खल्लारी माता मंदिर तालाब का बुरा हाल
- न सफाई न सौंदर्यीकरण, स्वच्छता ही सेवा अभियान महज कागजों तक सिमटा

### जोन वाले ध्यान नहीं दे रहे

कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर का कहना है डूंडा के खल्लारी माता मंदिर तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण के बारे में जोन 10 कमिश्नर और जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को कई बार अवगत कराया। इसके बाद भी ध्यान नहीं दे रहे। तालाब की सफाई बहुत जरूरी है, क्योंकि गांव का पुराना व निस्तारी तालाब है।

# सरोवर धरोहर को लगा ग्रहण, डूंडा में ऐसा भी तालाब, जहां एक छोर से दूसरे तक पानी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सरोवर ही धरोहर की दुहाई देकर तालाबों के सौंदर्यीकरण, गहरीकरण और साफ-सफाई में करोड़ों रुपये खर्च करने वाला नगर निगम शहर के पुराने तालाबों की देखरेख में फिसड्डी साबित हो रहा है। कामरेड सुधीर मुखजी वार्ड स्थित डूंडा के खल्लारी माता मंदिर के बड़े व छोटे तालाब की हालत ये है, एक छोर से दूसरे छोर तक पानी नदारद है। तालाब पूरी तरह से हरे रंग की जलीय वनस्पति से पट चुका है, जबकि नवरात्रि ▶▶|शेष पेज 13 पर

### संरक्षण करेंगे

डूंडा के खल्लारी माता मंदिर तालाब को स्वच्छ रखने स्थल निरीक्षण के बाद प्रस्ताव बनाकर कार्य किया जायेगा, ताकि सरोवर धरोहर को मूल रूप में बचाया जा सके।

- **राकेश शर्मा**, कमिश्नर, जोन क्रमांक 3, नगर निगम रायपुर

## खबर संक्षेप

### अमलीडीह में भिड़े दो नाबालिग, चाकूबाजी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह इलाके में शनिवार की रात करीब 8 बजे एक नाबालिग लड़के ने दूसरे नाबालिग लड़के को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि अमलीडीह मेन रोड पर एक रुई भंडार की दुकान है। इस दुकान के बगल में एक घर है। दुकानदार और घर मालिक के लड़कों के बीच महीनों पहले किसी बात पर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच रंजिश चली आ रही थी। इसी कारण शनिवार रात करीब 8 बजे दोनों के बीच फिर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। इस बीच नाबालिग अपने घर गया और चाकू लाकर दुकानदार के लड़के पर वार कर दिया। इस वार में उसके हाथ के पास चोट आई है। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी लड़के को हिरासत में लिया है।

### जेल में बंद सूदखोर के गुर्गों पर धमकी देने का आरोप

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में सूदखोरी के आरोप में जेल में बंद रोहित तोमर के गुर्गों के खिलाफ शिकायतकर्ता ने केस वापस लेने धमकी देने का आरोप लगाया है। रिपोर्टकर्ता रामकुमार गुप्ता ने एएसपी सिटी के पास रोहित के गुर्गों के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। रामकुमार ने शिकायत में कहा है कि रोहित के गुर्गे उनके ऊपर केस वापस लेने तथा राजीनामा करने दबाव बना रहे हैं। रामकुमार के अनुसार रोहित के गुर्गे उसका पीछा करने के साथ ही परिवार को खत्म करने की धमकी दे रहे हैं।

### कपड़ा दुकान में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में पिछले दिनों कपड़ा दुकान की छत के रास्ते दुकान के अंदर घुसकर नकदी साढ़े तीन लाख रुपए चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के मुताबिक, लाखेनगर चौक स्थित लक्ष्मी कलेक्शन के संचालक प्रदीप पृथ्वानी की शिकायत पर चोरी के आरोप में पंकज केवलानी, आयुष गंगवानी तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार नाबालिग ने दुकान में चोरी करने के बाद चोरी की रकम पंकज तथा आयुष के पास छोड़ दी थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख 43 हजार रुपए जब्त किए हैं।

### थानों का निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी डॉ. सिंह



**रायपुर।** एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने गोबरा नवापारा और सरस्वतीनगर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान थाने के महत्वपूर्ण दस्तावेजों, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, शस्त्रागार, लॉकअप, आवास आदि की जांच की। थाने के अपराध व शिकायत आदि में विवेचकों को एसएसपी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साइबर अपराधों और नशे के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का आदेश देते हुए कहा कि पुलिस में अनुशासन का बहुत महत्व है और आमजनों के साथ अच्छे संबंध रखकर उनकी समस्या का यथोचित निराकरण करें।

---

तीन निजी कालेजों में एमडी-एमएस की करीब 170 सीटें

# प्राइवेट मेडिकल कालेजों में पीजी करने खर्च 29 से 32 लाख, सरकारी में केवल 70 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के तीन निजी मेडिकल कालेज में एमडी-एमएस की पढ़ाई के फीस का निर्धारण किया गया है। दो कालेजों में विशेषज्ञ डाक्टर बनने तीन साल की पढ़ाई के लिए 32 लाख रुपए खर्च करने होंगे। एक कालेज में यह पढ़ाई 30 लाख से कम खर्च में पूरी होगी। वहीं सरकारी मेडिकल कालेजों में पीजी करने का खर्च सालाना 22 हजार है यानी कुल खर्च 66 हजार।

इस वर्ष तीन निजी मेडिकल कालेज में चिकित्सा विशेषज्ञ यानी स्नातकोत्तर की करीब 170 सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जल्द ही इन सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग शुरू कर सकती है। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति द्वारा कुछ समय पहले शंकराचार्य मेडिकल कालेज तथा रिम्स के लिए नई फीस का निर्धारण किया है जिसमें पिछले साल की तुलना में सालाना 53 से 55 हजार रुपए की वृद्धि हुई है। एफएआरसी द्वारा तय किया गया शुल्क में अगले तीन साल तक किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार इस दो निजी कालेज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस जुनवानी (भिलाई) तथा रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस गोढ़ी (रायपुर) में एडमिशन लेने के बाद तीन साल में अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों को 31.62 लाख रुपए फीस के रुप में खर्च करना होगा। वहीं एक कालेज में इसी पढ़ाई के लिए करीब 30 लाख रुपए व्यय करने होंगे। इसके अलावा उन्हें सुविधा के अनुसार ट्रांसपोर्टिंग और मेस का शुल्क भी देना होगा।

खास खबर

## सरकारी मेडिकल कालेज में सालाना 22 हजार का खर्च

- निजी कॉलेजों में 170 सीटों पर देंगे एडमिशन
- फीस विनियामक समिति ने किया है निर्धारण
- शुल्क में तीन साल तक कोई बदलाव नहीं होगा





### नॉन क्लीनिकल की पढ़ाई 25.44 में

इसी तरह इन निजी कालेजों में नॉन क्लीनिक्ल विषयों का संचालन भी किया जाता है। इन विषयों की फीस क्लीनिकल की तुलना में कम होती है। शंकराचार्य और बालाजी मेडिकल कालेज में इनकी पूरी पढ़ाई 25.44 लाख में पूरी हो जाएगी। वहीं रिम्स में इसके लिए 23.77 लाख रुपए तीन साल की पढ़ाई पर व्यय होगा।

### सरकारी कालेज में 70 हजार की पढ़ाई

सूत्रों के अनुसार राज्य के आधा दर्जन शासकीय मेडिकल कालेज में पीजी की पढ़ाई पूरी कराई जाती है। इन कालेजों में सालाना वार्षिक शुल्क करीब 22 हजार रुपए आता है। यानी तीन साल की पढ़ाई 70 हजार रुपए से कम के खर्च में पूरी हो जाती है। शासकीय कालेजों में एमडी-एमएस की 291 सीटें हैं।

### इतना है निजी कालेजों का सालाना शुल्क

| कालेज | क्लीनिकल | नॉन क्लीनिकल |
|---|---|---|
| रिम्स | 9,84,500 | 7,92,600 |
| शंकराचार्य | 10,54,000 | 8,48200 |
| बालाजी | 10,54,000 | 8,48200 |

---

# छत्तीसगढ़ में दुनिया का सबसे लंबा बैंगन, लंबाई 2.5 फीट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुनिया में सबसे लंबा भाटा छत्तीसगढ़ में मिलता है, यह साबित होने के साथ ही अब इसे भारत सरकार ने पौध किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार के तहत सबसे लंबे बैंगन के लिए इसका रजिस्ट्रेशन और पेटेंट प्रदान किया है। भाटा की यह किस्म ग्राम धुमा, कुरुद जिला धमतरी के प्रगतिशील नवाचारिक कृषक लीलाराम साहू की बैगन की परम्परिक किस्म 'निरंजन भाटा' है। यह बैगन की एक पारंपरिक देशी किस्म है, जिसको लीलाराम साहू के पिता निरंजन साहू द्वारा वर्षो से संग्रहित कर रखा गया है। वर्षों से इसकी खेती की जा रही है। कृषक ने बताया कि इस बैगन की लम्बाई 2 से 2.5 फीट तक की होती है। इसीलिए यह बैगन विश्व की सबसे अधिक लम्बाई का बैगन है और लगभग 3 माह मे फ़सल तैयार हो जाती है।

- बैगन की सबसे लंबी प्रजाति 'निरंजन भाटा' के नाम से पौध किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार के तहत हुआ पेटेंट

### कम बीज वाला पहला भाटा

लंबाई के साथ-साथ इस भाटा में अन्य विशेषताएं भी हैं। यह बैगन खाने में बहुत ही स्वादिष्ट और मीठा तथा बीज भी कम होता है। इस बैगन में पानी की मात्रा कम होती है और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। आलू या किसी अन्य सब्जी की तरह यह आसानी से पक जाता है। दक्षिण भारत में इस बैगन का उपयोग सांभर बनाने मे किया जाता है, जो कि सांभर में आसानी से घुल जाता है। किसान लीलाराम इस कार्य के लिए राष्ट्रपति से सम्मानित किए जा चुके हैं।

### पेटेंट से कृषि वैज्ञानिकों को मिली सफलता

सबसे लंबी प्रजाति की पहचान होने के बाद कृषि विवि के वैज्ञानिकों को पेटेंट कराने में भी सफलता मिली। इस तरह की किस्म दुनिया में नहीं है। कृषि विवि के आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग एवं नोडल अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा और डॉ धनंजय शर्मा प्रमुख वैज्ञानिक, सब्जी विज्ञान विभाग की मदद से कृषि की यह दुलर्भ प्रजाति को पेटेंट कराया गया है। डॉ. दीपक शर्मा का कहना है कि यह छत्तीसगढ़ के किसानो के लिए गर्व की बात है की प्रदेश में संग्रहित किस्मों को अब राष्ट्रीय स्तर परपहचान मिल रहा है। निश्चित ही छत्तीसगढ़ के किसान इससे लाभान्वित होंगे।

---

# रद्दी में फिर मिली किताबें, हिंदू हाईस्कूल में 10 हजार से ज्यादा डंप, डीईओ की सफाई आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौजूदा शिक्षा सत्र की किताबें रद्दी की तरह मिलने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने शनिवार को राजधानी रायपुर के बैरनबाजार स्थित हिंदू हाई स्कूल के गोदाम में दबिश दी। उन्हें सूचना मिली थी कि इस गोदाम में विभिन्न क्लास व विषयों की हजारों किताबें धूल खा रही हैं। जब उन्होंने मौके पर पहुंचकर गोदाम को खुलवाया, तो वहां दस हजार से ज्यादा किताबें बंडल में बंधी और बोरियों में भरी मिलीं। ये सभी किताबें शैक्षणिक सत्र की हैं। पूर्व विधायक ने ▶▶|शेष पेज 13 पर





### करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप

विकास उपाध्याय ने कहा कि पाठ्य पुस्तक निगम में जरूरत से ज्यादा किताबें छपवाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। स्कूलों की संख्या के अनुसार बच्चों की सीटें तय हैं। इन सीटों के अनुसार या कुछ अधिक मात्रा में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नियम का कोई उल्लंघन नहीं हुआ

इधर हिंदू हाई स्कूल में मिली किताबों के डंप रहने की खबर को गलत बताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने एक प्रेस नोट जारी किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि किताबें छत्तीसगढ़ राज्य ओपन बोर्ड की है। हिंदू हाई स्कूल समन्वयक केंद्र है, इसलिए किताबों को वहां रखा गया है। इन किताबों को पात्र छात्रों को वितरित किया जाता है और इसके लिए ही यहां रखा गया है। इसके अलावा कुछ किताबें समग्र शिक्षा विभाग की है, जिन्हें पूर्व प्रकाशकों द्वारा कार्यालय ▶▶|शेष पेज 13 पर

---


# राजेंद्र नगर, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े पांच घरों के ताले टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाके के पांच घरों में दोपहर तीन से शाम छह बजे के बीच अज्ञात चोरों ने पांच सूने मकान के ताले तोड़ लाखों के नकदी तथा जेवर की चोरी की है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पुराना राजेंद्र नगर स्थित श्री राम आपार्टमेंट में चोरों ने दबिश देते हुए एक साथ तीन सूने मकान का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार दो सूने मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। एक घर में चोर चोरी की घटना को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो पाए। इसी तरह राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में चोरों ने आरडीए बिल्डिंग में दबिश देते हुए दो सूने मकान का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिन सूने मकानों में चोरी की घटना हुई है, वहां से कितने की चोरी हुई है, पुलिस ने इस बात की अभी जानकारी नहीं मिल पाने की बात कही है। पुलिस के अनुसार चोरी का आकलन किया जा रहा है।

- घटना शनिवार दोपहर तीन से शाम छह बजे के बीच



### जिन घरों में चोरी हुई, वे व्यस्त इलाके में शामिल

जिन घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, वह व्यस्त इलाके में शामिल हैं। चोरों ने व्यस्त इलाके में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस के सामने चुनौती पेश की है। दिनदहाड़े चोरी की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल के आसपास कुछ महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज मिले हैं। फूटेज के आधार पर पुलिस चोरों के जल्द पकड़े जाने की बात कह रही है।

---

# 40 वार्डों में सूखी रहेंगी नल की टोटियां, मेन लाइन में फॉल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महीनों से चल रही नल से पर्याप्त पानी नहीं मिलने की शिकायत खत्म भी नहीं हुई और एक बार फिर बेन्द्री में फिल्टर प्लांट की मेन लाइन में फॉल्ट आ गया। इससे बिरगांव निगम 40 वार्डों में 25 हजार से ज्यादा कनेक्शन धारकों को पानी की आपूर्ति नहीं कर सकेगा। इससे पहले शनिवार शाम को भी लोगों के घरों में नल से पानी नहीं मिला। इसको लेकर जल प्रदाय विभाग के अध्यक्ष इकराम अहमद ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा हर शनिवार को मेंटेनेंस के लिए बिजली आपूर्ति बंद की जाती है। इससे शनिवार की शाम को पानी आपूर्ति प्रभावित होती है।



रविवार को मेन लाइन सुधार कार्य पूरा हो, इसमें भी संशय की स्थिति है। प्रयास किया जा रहा कि 30 सितंबर की सुबह लोगों को प्राथमिकता से पेयजल की आपूर्ति कर दी जाएगी।

---

प्राधिकरण के सीईओ ने कहा, डिमांड नोट मिला है, कुछ इशू पर कर रहे पाइंट आउट

# कौशल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा को लेने निगम ने मांगे 125 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के 1200 करोड़ के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को नगर निगम हैंडओवर लेगा। दोनों महकमे के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सर्वे कर अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। जोन 10 कमिश्नरी ने इसके बाद 125 करोड़ का डिमांड नोट प्राधिकरण को भेजा है। रायपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ प्रतीक जैन ने कहा है कि नगर निगम से उन्हें डिमांड नोट मिल गया है। इसमें सर्वे रिपोर्ट के बाद कुछ इशू पर पाइंट आउट कर रहे हैं। इसमें 2 से 3 माह का समय लग सकता है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 2 से 3 माह लग सकता है समय



### 125 करोड़ का डिमांड नोट भेजा

नगर निगम और आरडीए के अधिकारियों की संयुक्त टीम के सर्वे के बाद निगम की ओर से 125 करोड़ का डिमांड नोट प्राधिकरण को भेजा है। कौशिल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा को नगर निगम में हैंडओवर लेने से पूर्व यह प्रक्रिया की गई।

- **राकेश शर्मा**, कमिश्नर जोन क्रमांक 10, नगर निगम रायपुर

- प्राधिकरण और नगर निगम की ज्वाइंट टीम ने सौंपी सर्वे रिपोर्ट

### डिमांड नोट प्राप्त हुआ है

कौशिल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा सहित अन्य प्रोजेक्ट को लेकर निगम से डिमांड नोट प्राप्त हुआ है। कुछ इशू पर पाइंट आउट कर रहे हैं। इसमें 2 से 3 माह का समय लगेगा। फाइनल निर्णय अभी नहीं हुआ है।

- **प्रतीक जैन**, सीईओ रायपुर विकास प्राधिकरण

**इन बिंदुओं पर हुआ ज्वाइंट सर्वे :** नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के 4-4 अफसरों की संयुक्त समिति संबंधित कालोनियों में जाकर वहां के सड़क की स्थिति, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, उद्यानों की माली हालत, गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए स्थापित एसटीपी और रहवासी ▶▶|शेष पेज 13 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# अंतिम 12 घंटे

SAVE

UN-LIMITED

UP TO 50 % LESS

प्रदेश का सर्वाधिक विश्वसनीय सेल जहाँ पर आप सुप्रसिद्ध मिलों की सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन आदि पर 50% तक छूट प्राप्त कर सकते हैं।

OPEN TODAY

# महेन्द्र कम्पनी मोदी सन्स

मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 4049406/7/8

Design by DAD 4099504

## खबर संक्षेप

### साव आज करेंगे नशामुक्ति अभियान की शुरुआत

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव शदाणी दरबार के संत शिरोमणि साईं डॉ. युधिष्ठिर लाल महाराज के सान्निध्य में आगामी 29 सितंबर को 'आओ मिलकर स्वस्थ छत्तीसगढ़ बनाएं, प्रदेश के युवाओं को नशे से मुक्त कराएं' अभियान की शुरुआत करेंगे। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में सुबह 10.30 बजे प्रारंभ होगा। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में नशामुक्ति अभियान एवं 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने का शुभारंभ होने जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक सीए अमित चिमनानी ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, भारतीय सिंधु सभा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, बढ़ते कदम के अध्यक्ष सुनील छतवानी, महावीर नगर पंचायत के मुखी अजय जैसिंघानी सहित अतिथि वक्ता के रूप में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, एडवांस्ड कार्डिएक इंस्टीट्यूट मेडिकल कॉलेज रायपुर के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव तथा एम्स मेडिकल ऑन्कोलॉजीके डीएम व असि. प्रोफेसर डॉ. अमित अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।



### 'लता ही लता' में गूंजेंगे पुराने सुमधुर नगमे, कार्यक्रम आज

**रायपुर।** अमर गायिका लता मंगेशकर की जयंती पर संगीतमयी कार्यक्रम 'लता ही लता' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित मायाराम लोकायण हॉल में 29 सितंबर को शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम म्यूजिकल ग्रुप के संचालक कृष्णा शेषगिरी राव के नेतृत्व में किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में गायक कलाकारों समेत बड़ी संख्या में दर्शक शामिल होंगे।

## निधन

### किशनचंद रहेजा



**रायपुर।** अविनाश कैपिटल होम फेस-1 सड्डू निवासी किशनचंद रहेजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 सितंबर को ते ली बां धा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुशील, सन्नी रहेजा के पिता थे।

### कमला गिरिभट



**रायपुर।** बूढ़ापारा निवासी कमला दामोदर गिरिभट (95) का 28 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 सितंबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे डॉ. सुहासिनी पट्टलवार, नीलिमा पट्टलवार की माता थीं।

**न्यायालय श्रीमान दशम व्यवहार न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**पीठासीन अधिकारी आशिष कुमार चंदेहे**
**नोटिस / समंस**

नि. प्रकरण क्र. 08/ / 2024
आदेश दिनांक 26.09.2024
पेशी दिनांक 10.10.2024
प्रोसेस कमांक 99/2024

रमेश कुमार साहू................वादी
विरूद्ध
श्रीमती रूमी दास वगैरह...... प्रतिवादीगण

वादी द्वारा इस न्यायालय में निष्पादन वाद क्रमांक 08/2024 पक्षकार रमेश कुमार साहू विरूद्ध श्रीमती रूमी दास वगैरह में प्रतिवादी के विरूद्ध ग्राम मोपका स्थित भूमि खसरा नंबर 1069/6 में से रकबा 1200 वर्गफीट का वादी के पक्ष में विक्रय विलेख न्यायालय में प्रस्तुत है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 10.10.2024 को वादी रमेश कुमार साहू के पक्ष में रजिस्ट्री की कार्यवाही की जावेगी, जिस व्यक्ति को आपत्ति है वह स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 10.10.2024 को आपत्ति कर सकता है आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर रजिस्ट्री कार्यवाही पूर्ण की जावेगी, बाद की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यदि नियत तारीख को न्यायलय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 26.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
स्थान–बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक– 26.09.2024

**(आशीष कुमार चंदेहे)**
**दशम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

# एक माह के भीतर 84 बदमाशों का खुला गुंडा रजिस्टर, अब तक सूची में 97 शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी सहित जिले में बढ़ते अपराध के ग्राफ को कम करने एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर सभी थानों की पुलिस गुंडे बदमाशों की नए सिरे से सूची तैयार करने लगी है। आठ महीने में पुलिस रिकार्ड में 97 नए गुंडा बदमाश शामिल किए गए हैं। उनमें से 84 नए गुंडा बदमाश एक महीना के भीतर शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने नए 19 गुंडा बदमाशों को निगरानी सूची में शामिल किया है। गौरतलब है कि राजधानी में पिछले कुछ समय से बदमाश अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए कई गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पकड़े जाने तथा जेल से आने के बाद भी बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी ने जिले के सभी थानों को नए गुंडा बदमाशों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

**हर सप्ताह जांच करने टार्गेट :** अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी ने सभी थानों को बदमाश तथा अड्डेबाजी करने वालों की जांच करने टार्गेट दिया है। साथ ही गुंडा बदमाशों की सूची में शामिल बदमाशों को जरूरत के हिसाब से थाना तलब कर उनसे अनिवार्य रूप से पूछताछ करने तथा निगरानी बदमाशों की नियमित जांच करने निर्देश दिए हैं।

## शहर की शांति भंग करने वाले बदमाशों की संख्या 697 पहुंची

### आदतन बदमाश निगरानी सूची में

पुलिस ने बदमाशों की जो निगरानी सूची तैयार कर 19 नए बदमाशों को शामिल किया है, उनमें से ज्यादातर बदमाश चोरी के आरोपी हैं, जो जेल से छूटने के बाद भी पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। निगरानी बदमाशों की सूची में चाकूबाजों को भी शामिल किया गया है।

### 11 बदमाश तड़ीपार 10 लाइन में

अपराध पर अंकुश लगाने पिछले आठ महीने में 11 बदमाशों को तड़ीपार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने 10 और बदमाशों की सूची तैयार कर तड़ीपार करने जिला दंडधिकारी के पास फाइल भेजी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष पुलिस ने महज चार बदमाशों को तड़ीपार कराने में कामयाबी हासिल की थी।



फाइल फोटो

### लगातार कार्रवाई

अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। महिला संबंधी अपराध पर सख्ती से अंकुश लगाने निर्देश दिए गए हैं। निजात अभियान के तहत मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सभी तरह के अपराध में कमी दर्ज की गई है।

\- डॉ. संतोष सिंह, एसएसपी

## बोरियाकला में 400 फ्लैट, पिरदा में 300, कचना में 100 और देवपुरी के हिमालयन हाईट्स में 100 फ्लैट

# शहर के आउटर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने बनाए 1000 से ज्यादा आवास, 9 साल से वीरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा वर्ष 2015 से 2018 के दौरान शहर के आउटर इलाके में आम जनता के लिए सर्वसुविधा युक्त 1000 से ज्यादा बहुमंजिला आवास 4 अलग-अलग लोकेशन पर बनाये गये, पर इनमें से ज्यादातर आवास 9 साल बाद भी वीरान पड़े हैं। इनमें से पिरदा गांव में बनाये गये 300 फ्लैट शामिल हैं, जो इसलिए नहीं बिक रहे, क्योंकि ये मुख्य मार्ग से बहुत अंदर बनाये गये हैं। इनमें 12 से 13 लाख की लागत वाले 2 बीएचके फ्लैट और 22 से 23 लाख वाले 3 बीएचके फ्लैट शामिल हैं। वहीं बोरियाकला में 800 में से 400 फ्लैट ऐसे हैं, जो सालों से खाली पड़े हैं।

हाउसिंग बोर्ड द्वारा शहर से लगे बोरियाकला, कचना, देवपुरी, पिरदा गांव के पास लोगों को किफायती दर पर सुविधा युक्त आवास उपलब्ध कराने 1000 से ज्यादा 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट्स का निर्माण कराया गया। इनमें से कई फ्लैट अब बदरंग होने लगे हैं। खाली पड़े फ्लैट्स के एक अरसे से ताले नहीं खुले।



### बोरियाकला में 800 फ्लैट, 400 खाली पड़े

बोरियाकला में गृह निर्माण मंडल ने 6 साल पूर्व 800 बहुमंजिला फ्लैट लोगों को पक्का व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराने निर्माण करवाया। इसमें से 400 फ्लैट बिक गये, बाकी के 400 फ्लैट सालों से खाली पड़े हैं, जिनके सालों बाद खरीदार नहीं मिले। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है इसके लिए नया प्रपोजल लाकर फ्लैट को सेल करेंगे।

### कचना में 100 और देवपुरी के हिमालयन हाईट्स में 100 फ्लैट्स खाली

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कचना में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित 100 फ्लैट खाली पड़े हैं, इसी तरह देवपुरी के हिमालयन हाईट्स में निर्मित 100 बहुमंजिला फ्लैट्स बिक नहीं पाए।

### पिरदा में 300 फ्लैट नहीं बिक पाए, वजह ट्रेंचिंग ग्राउंउ की बदबू

मंदिर हसौद मार्ग पर गांव पिरदा गांव के समीप छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने इस उम्मीद से 800 बहुमंजिला फ्लैट्स का निर्माण कराया कि शहर के विस्तार के साथ यहां बनाये गये आवास की मांग बढ़ेगी, पर निर्माण के 9 साल बाद भी इनमें से महज 400 फ्लैट बिक पाए। बाकी के 400 फ्लैट वीरान पड़े हैं। जानकारों का कहना है, इसकी एक बड़ी वजह ये है, हाउसिंग बोर्ड ने पिरदा में ऐसे स्थान पर अपना प्रोजेक्ट लाया, जो मुख्य मार्ग से बहुत अंदर है। इसलिए कई खरीदार अंदर जाना नहीं चाहते। दूसरी बड़ी वजह ये है कि जिस समय पिरदा में हाउसिंग बोर्ड ने बहुमंजिला आवासीय परिसर बनाया, उस समय आसपास बसाहट कम थी, पर बाद में पिरदा से महज 300 मीटर की दूरी पर नगर निगम ने कचरा डंप करने सकरी में ट्रेंचिंग ग्राउंड बनवा दिया। यहां शहरभर का कूड़ा कचरा ठेका कंपनी रोज डंप करती है। इसके कारण बदबू से ज्यादातर लोग यहां मकान खरीदने से हिचकते हैं। जिन्होंने पहले से यहां फ्लैट लिया, वे भी कचरे की दुर्गन्ध के कारण परेशान हैं।

# ओडिशा से गांजा तस्करी कर ला रहे तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पुलिस, क्राइम ब्रांच तथा नारकोटिक्स सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर ओडिशा से गांजा तस्करी कर ला रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 15 लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 63 किलो गांजा कार सहित जब्त किया है।

■ तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पकड़े गए गांजा तस्कर

पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में रायपुर निवासी कमलेश तेलाशी तथा महासमुंद निवासी अजय कुमार, प्रमोद सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार कमलेश को एक्सप्रेस वे ओवर ब्रिज के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। कमलेश ने पूछताछ में बताया कि उसके दो अन्य साथी महासमुंद के रास्ते गांजा लेकर रायपुर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने जोरा ओवर ब्रिज के पास घेराबंदी कर अजय तथा प्रमोद को पकड़ा। कार की डिक्की की तलाशी लेने पर गांजा मिला। पूछताछ में तस्करों ने पुलिस को बताया कि वे ओडिशा से गांजा लाए थे। तस्कर रायपुर में गांजा किनको देने के लिए लाए थे, पुलिस इस संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## पेज 11 के शेष

### सरोवर धरोहर को...

का पर्व शुरू होने वाला है। इस तालाब का उपयोग डूंडा सहित आसपा रहवासी धार्मिक क्रियाकलाप और निस्तारी कार्य के लिए सालों से करते आ रहे हैं। अब हालत ये है कि तालाब तो वही है, पर पानी गायब। रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के अंदरूनी और आउटर के वार्डों में स्थित तालाबों के सौंदर्यीकरण, गहरीकरण पचरी बनाने, लैंडस्केपिंग करने दर्जनों प्रस्ताव बनाए। पर नगर निगम सीमा में शामिल डूंडा के खल्लारी मंदिर तालाब के संरक्षण की ओर ध्यान नहीं दिया। रहवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत के समय से इस तालाब की साफ-सफाई और संरक्षण होता रहा है, पर नगर निगम क्षेत्र में शामिल होने के बाद जोन 9 और निगम मुख्यालय ने सरोवर की अनदेखी की है। यही वजह है कि तालाब की सफाई नहीं होने से पूरा तालाब खरपतवार से पटा पड़ा है। वहीं दूसरी ओर निगम प्रशासन 70 वार्डों में सेवा ही स्वच्छता अभियान के नाम पर लोगों को सफाई की अहमियत बताने जुटा है।

### रद्दी में फिर मिली...

सबसे पहले सिलियारी स्थित पेपर मिल में करीब 40 टन किताब मिलने का मामला उजागर किया था। इसके बाद अभनपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल में करीब 20 हजार डंप किताबों का पर्दाफाश किया और अब हिंदू हाई स्कूल के गोदाम में किताबों के रद्दी की तरह पड़े होने का मामला उजागर किया है। विकास उपाध्याय ने बताया कि गोदाम से 10 हजार से अधिक किताबें धूल खाती मिली हैं।

गोदाम से सरस्वती योजना की 4 साइकिल भी मिली

हिंदू हाई स्कूल के गोदाम में निरीक्षण के दौरान 4 साइकिल भी मिली हैं। ये साइकिलें सरस्वती योजना के तहत बालिकाओं को निःशुल्क बांटी जाने वाली हैं। इन साइकिलों का गोदाम में मिलना भी साइकिल वितरण में अनियमितता को उजागर करता है।गौरतलब है कि इस मामले की जांच चल रही है। पाठ्य पुस्तक निगम के जीएम को हटाए जाने के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेणु पिल्ले मामले की जांच कर रही हैं।

### करोड़ों के भ्रष्टाचार...

किताबों की छपाई होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह से अब तक हजारों की संख्या में किताबें रद्दी की तरह गोदामों में मिल रही हैं, उससे यही लगता है कि किताबों के नाम पर बड़ा खेल चल रहा है। महंगे दाम पर छपवाकर किताबों को रद्दी बनाकर कौड़ियों के दाम बेचा जा रहा है।

### नियम का कोई...

में जगह नहीं होने के कारण फ्री सैंपल के रूप में यहां रखा गया था। यह किताबें बच्चों को वितरण के लिए नहीं हैं। कुछ किताबें पिछले वर्ष की हैं, जो वितरण के बाद बच गई थीं। शैक्षणिक सत्र में नवीन पाठ्यक्रम आने के बाद अब ये किताबें काम की नहीं हैं। अधिकारी ने बताया कि हिंदू हाई स्कूल समन्वयक के साथ संकुल केंद्र भी है। यहां कक्षा पहली से 12वीं तक की किताबें रखी जाती हैं, जो किसी भी प्रकार से शासन के नियम का उल्लंघन नहीं है।

### कौशल्या विहार, इंद्रप्रस्थ...

अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है। विदित हो दशकभर से रायपुर विकास प्राधिकरण के आधा दर्जन प्रोजेक्ट नगर निगम को हैंडओवर नहीं होने से संबंधित कालोनियों के रहवासियों को नगर निगम से मूलभूत सुविधा मिलने में दिक्कत हो रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आरडीए और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने संबंधित क्षेत्र के स्पॉट सर्वे का काम पूरा किया। इसमें प्राधिकरण द्वारा 1600 एकड़ में विकसित कौशिल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा में निर्मित 3500 फ्लैट और 300 मकान, बोरियाकला में बनाये गये 1800 आवास वाला प्रोजेक्ट और हीरापुर में रायपुर विकास प्राधिकरण निर्मित 800 बहुमंजिला फ्लैट वाली आवासीय कालोनी शामिल है।

### इन बिंदुओं पर...

वासों के मरम्मत में होने वाले खर्च को लेकर सर्वे कर प्रस्ताव बनाया और निगम मुख्यालय को रिपोर्ट दी। गौरतलब है, रायपुर विकास प्राधिकरण का कौशिल्या विहार प्रोजेक्ट नगर निगम जोन 10 क्षेत्र में आता है। वहीं इंद्रप्रस्थ रायपुरा का क्षेत्र नगर निगम जोन 8 का हिस्सा है। इसीलिए कमेटी में इस जोन के अफसरों को भी शामिल किया गया है। नगर निगम में हैंडओवर होने के बाद इन्हीं जोन के माध्यम से आरडीए के आधा दर्जन प्रोजेक्ट का मेंटनेंस होगा।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती गीता तारक पिता श्री रामनारायण तारक निवासी बसंती चौक, कोलर, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा अपने पैतृक समस्त चल एवं अचल संपत्ति जो मौजा ग्राम कोलर, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को विक्रय किए जाने तथा अन्य संपत्ति क्रय किए जाने, आवेदन पत्र, अपील प्रस्तुत किए जाने व देखरेख, व्यवस्था के संबंध में अपने भाई अन्नू तारक पिता श्री रामनारायण तारक निवासी ग्राम कोलर, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के पक्ष में एक मुख्त्यारनामा आम (बिना प्रतिफल के) दिनांक 04.08.2018 को उप पंजीयक कार्यालय, अभनपुर में निष्पादित किया गया था जिसका उल्लेख उप पंजीयक कार्यालय अभनपुर के पुस्तक क्रमांक अ-4, ग्रंथ क्रमांक 74 के पृष्ठ क्रमांक 134 से 149 में विलेख क्रमांक 72 देकर पंजीयन किया गया था। चूंकि मेरे पक्षकार अपने हिस्से की भूमि की संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु सक्षम एवं समर्थ है इसलिए अन्नू तारक के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत मुख्त्यारनामा आम को "मुख्त्यारनामा आम का निरस्तीकरण विलेख" दिनांक 13.09.2024 के माध्यम से निरस्त की है, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय रायपुर क्रमांक-1 के पुस्तक क्रमांक-4, ग्रंथ क्रमांक 189 के पृष्ठ क्रमांक 468 से 479 में विलेख क्रमांक CG-2024-25-106-4-219 दिनांक 13.09.2024 के रूप में पंजीकृत किया गया है।

अतएव कोई भी व्यक्ति बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार मेरे पक्षकार की उपरोक्त उल्लेखित चल एवं अचल संपत्ति का क्रय-विक्रय या किसी भी प्रकार की राशि का लेन-देन ना करें, बावजूद इसके ऐसा किया जाता है तो वह संव्यवहार व लेन-देन अनुचित, विधि विरूद्ध होगा और संव्यवहार या क्रय-विक्रय करने वाले व्यक्ति को कोई स्वत्व व अधिकार प्राप्त नही होगा और वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

अतः ताकीद जाने ।

रायपुर
दिनांक 28.09.2024

भवदीय
पी.पी. साहू (अधिवक्ता)
कार्यालय / निवास - बी-44, सेक्टर 1, एकता नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9753179751

**शपथ पत्र**

मैं कंदर्प राज सिदार, पिता मनीराम सिदार, पता - वार्ड नं.-01 स्कूल पारा, लेंधरा रायगढ़ पिन नं. - 496551 निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2.

यह कि, मेरी पुत्री "तमन्ना सिदार" राजकुमार कॉलेज रायपुर छ.ग. में कक्षा-11वी की छात्रा है। जिसके स्कूल रिकार्ड कक्षा 10वीं की मार्कशीट में KANDARAP RAJ SIDAR ( गलत है) दर्ज है जो कि गलत अंकित है, सही नाम KANDARP RAJ SIDAR (सही हैं) इस सही नाम को मेरी पुत्री की कक्षा 10 वी की मार्कशीट में दर्ज करें एवं आगे कक्षा - 11,12 में यही सही नाम KANDARP RAJ SIDAR को दर्ज करें।

अतः महोदय यह शपथ पत्र आपके समक्ष मेरी पुत्री के मार्कशीट में मेरे सही नाम को अंकित करने हेतु प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं कंदर्प राज सिदार यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 2 में लिखी बाते मेरी जानकारी में सत्य एवं सहीं है जिस पर मैंने आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

स्थान -
दिनांक- 27/09/2024

## पोषण के प्रति माताओं को किया जागरूक



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने शनिवार को कालीबाड़ी सेक्टर के लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने पोषण जागरूक माह कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता करण खान और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर विजया रायचौधरी रहे। इस दौरान बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। श्रीमती चौधरी ने बच्चों के पोषण के लिए माताओं को प्रेरित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## मोवा ओवरब्रिज से लेकर विधानसभा तक सड़क का जुलाई में किया गया था नवीनीकरण

# ढाई माह में नई सड़कें उखड़ने लगीं, समतल नहीं होने से लहर एवं जंप मार रहीं गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर







बारिश के पूर्व राजधानी रायपुर के विभिन्न इलाकों में सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण का काम किया गया। इन सड़कों में मोवा ओवरब्रिज से लेकर विधानसभा जाने वाले मार्ग की सड़क का भी नवीनीकरण किया गया। इस काम को हुए अभी तीन माह भी नहीं हो पाया है और इन सड़कों का डामर उखड़ने लगा है। ओवरब्रिज की सड़क पर कई जगह डामर की मोटी परत उखड़ चुकी है, जिससे वहां हल्के गड्ढे हो गए हैं। वहीं ब्रिज के बाद सिग्नल चौक से अंबुजा माल से आगे तक सड़क के नवीनीकरण करने में लापरवाही बरती गई है, जिससे सड़क समतल नहीं होकर उसकी मोटाई कम-ज्यादा हो गई है। इस कारण इस सड़क पर आवागमन करने वाली गाड़ियां कहीं लहरा रही हैं, तो कहीं जंप मार रही हैं।

हरिभूमि ने शनिवार को ओवरब्रिज मोवा से लेकर विधानसभा तक सड़कों का मुआयना किया। इस दौरान ओरब्रिज की सड़क काफी जर्जर हालत में मिली, जबकि इस सड़क का नवीनीकरण ढाई माह पूर्व ही किया गया था। ब्रिज में कई जगह सड़क का डामर बारिश से उखड़ चुका है। कहीं-कहीं तो मोटी परत उखड़ गई है, जिसके कारण बारिश होने पर वहां पानी का ठहराव भी होता है। यह स्थिति ब्रिज के आगे सिग्नल चौक से लेकर विधानसभा तक देखने को नहीं मिली। इस मार्ग पर डामर अभी तक उखड़ा नहीं है, लेकिन नवीनीकरण के दौरान सड़क को समतल करने में यहां लापरवाही बरती गई है। ठेकेदारों ने सड़क के नवीनीकरण के दौरान डामर की मोटाई कहीं ज्यादा कहीं कम कर दी है। इसके कारण सड़क एक समान समतल नहीं होकर पानी की लहर की तरह कहीं नीचे-कहीं ऊपर है। इसके कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को गाड़ी चलाने में परेशानी भी आ रही है। एक बराबर सड़क नहीं बनने से वाहन कहीं जंप करते हैं, तो कहीं लहर मारते हैं।

### विधायक ने कहा-जांच होनी चाहिए

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है। रेडक्रास भवन में शनिवार को हुई बैठक में जिले की जर्जर सड़कों के एजेंडे पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि दो माह पूर्व ही मोवा सिग्नल चौक से विधानसभा रोड का भी नवीनीकरण किया गया है, लेकिन यहां काम में लापरवाही बरती गई है। सड़क एक समान समतल नहीं है, जिससे यहां से गुजरने वाली गाड़ी जंप या लहर मारती है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

### पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराया गया काम

इन सड़कों का नवीनीकरण का काम पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराया गया है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पूर्व इन सड़कों का नवीनीकरण का काम हुआ है। सत्र को देखते हुए पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने नवीनीकरण का काम जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के तहत ठेकेदार ने कुछ दिनों के भीतर ही आनन-फानन में यह काम पूर्ण करा लिया था।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हैप्पी कपल-हैप्पी लाइफ पर सेमीनार आज

**रायपुर।** लालगंगा पटवा भवन में रविवार को कपल्स के लिए विशेष सेमीनार का आयोजन किया गया है, जिसमें श्री आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर व सहवर्ती मुनि नरेश कुमारी हैप्पी कपल व हैप्पी लाइफ के बारे में लोगों को बताएंगे। इस दौरान जैन मुनि जीवन में नई शक्ति, ऊर्जा संचार पर लोगों को विस्तार से जानकारी देंगे। कार्यक्रम में सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन और उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे।

### रविवि हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ छात्रों ने की शिकायत



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ आजाद हॉस्टल के छात्रों ने लिखित शिकायत की है। मयंक वर्मा, अमन प्रधान तथा अन्य छात्रों ने रविवि की प्रिवेंस कमेटी के अध्यक्ष, सांसद तथा मंत्री सहित अन्य लोगों को भेजे गए पत्र में कहा है कि छात्रावास अधीक्षक एवं बायोटेक्निक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कमलेश शुक्ला द्वारा छात्रों को विभिन्न तरीके से प्रताड़ित किया जाता है और विरोध पर कैरियर खत्म करने की धमकी दी जाती है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### एम्स में मनाया गया विश्व रेबीज डे

**रायपुर।** एम्स में शनिवार को विश्व रेबीज दिवस मनाया गया, जो रेबीज की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के वैश्विक प्रयासों का हिस्सा है। इस वर्ष के विश्व रेबीज दिवस का विषय 'रेबीज की सीमाओं को तोड़ना' है, जो वन हेल्थ दृष्टिकोण को उजागर करता है, जिसमें मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्रों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, ताकि रेबीज का मुकाबला किया जा सके। इस अवसर पर अस्पताल के ओपीडी पंजीकरण क्षेत्र में सामान्य चिकित्सा विभाग के संक्रामक रोग विभाग द्वारा एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रोग के बारे में लोगों की शंकाओं का समाधान करने के लिए प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. एली महापात्रा, डॉ. रेणु राजगुरु, डॉ. सरिता अग्रवाल, डॉ. विनय आर. पंडित शामिल थे।

### शनिदेव मंदिर कोटा में मनोकामना ज्योति 3 से

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शनिदेव मंदिर मारुति लाइफस्टाइल के सामने मेनरोड कोटा में भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जा रही है, जिसका पंजीयन भक्त मंदिर परिसर में करा सकते हैं। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 3 से 11 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। शनि पुजारी विकास शर्मा ने यह जानकारी दी।



### मां धूमावती सिद्धपीठ में ज्योति कलश स्थापना 3 को

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां धूमावती सिद्धपीठ द्वारा पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर में मां धूमावती आत्मकल्याण मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्ज्वलन 3 अक्टूबर को सुबह 11.36 बजे से 12.24 के मध्य शुभ मुहूर्त पर होगा। यह जानकारी मां धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने देते हुए बताया कि नवरात्रि पर्व पर मां धूमावती की साधना, भाराचना, उपासना के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी भक्त 3 अक्टूबर तक ज्योति कलश स्थापना करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि देवशयनकाल सृष्टिपालन कारिणी अंतिम उपाय मां धूमावती द्वारा कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, राहू-केतु, शनि सहित नवग्रह कुप्रभाव, कलह, दरिद्रता, दुर्भाग्य, अलक्ष्मी, रोग निवारण एवं सौभाग्य, सफलता, स्थायित्व, समृद्धि, न्याय, संतान जैसे मनवांछित फल प्राप्ति सहित आत्मकल्याण के लिए विशेष मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए जाएंगे।

# मंत्री, विधायक, सांसद आज फिर जाएंगे बूथों पर, बनाएंगे भाजपा के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान में एक बार फिर से प्रदेश के मंत्री, विधायक और सांसदों को 29 सितंबर को बूथों में जाने का फरमान भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जारी किया है। इस दिन सभी को बूथों में पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात को सुनना है। इसके बाद सदस्यता अभियान के लिए सदस्य बनाने का काम करना है। इस बार 25 सितंबर की तरह बूथों में जाने वाले नेताओं के लिए सौ-सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य नहीं है, लेकिन ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने हैं, क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा यहां पर बैठक लेने के बाद दस लाख का लक्ष्य और बढ़ाकर गए हैं। अब प्रदेश संगठन को 50 नहीं 60 लाख सदस्य बनाने हैं। वैसे भी प्रदेश के ज्यादातर विधायक और सांसद अपने लक्ष्य से बहुत दूर हैं। इस बात को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नाराजगी भी जता चुके हैं।

भाजपा का प्रदेश के बूथों में छह सितंबर से सदस्यता अभियान चल रहा है। हर बूथ को 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। हालांकि अब बड़े जिलों के बूथों का लक्ष्य इसलिए बढ़ गया है क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर दौरे में दस लाख लक्ष्य बढ़ा दिया है। यही वजह है कि बड़े जिलों का लक्ष्य 20 से 30 फीसदी तक बढ़ा दिया गया। ऐसे में इन जिलों के बूथों का लक्ष्य भी बढ़ गया है।

### विधायक, सांसद अपने लक्ष्य से हैं बहुत दूर



#### पहले सुनेंगे मन की बात

भाजपा का बड़ा फोकस बूथों पर है। पहले जब छह सितंबर को अभियान प्रारंभ किया गया तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर सभी मंत्री, विधायक, सांसद, प्रदेश के पदाधिकारी और बड़े नेता बूथों में गए और सदस्यता अभियान का प्रारंभ सदस्य कर किया। एक बार फिर से 25 सितंबर को सभी बूथों पर गए। इस बार सबको सौ-सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया। अब तीसरी बार बूथों पर प्रवास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात वाले दिन को चुना गया है। सभी मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश, जिले के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के किसी भी बूथ पर जाएंगे और वहां पर पहले कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ बैठकर मन की बात सुनेंगे इसके बाद सदस्य बनाने का काम होगा।

**सियासत : छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा दूसरे दिन लवन से चलकर रोहांसी पहुंची**

# बैज बोले- न्याय यात्रा का मकसद प्रदेश को बचाना और शांति वापस लाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के दूसरे दिन का शुभारंभ कसडोल के सतनाम भवन से शुरू हुई। यात्रा के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने मां महामाया के मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश मे शांति और राज्य के नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन की यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा से छत्तीसगढ़ की जनता में एक नया संदेश जा रहा है। प्रदेश सरकार की नाकामियों को सामने लाने में हम सफल हो रहे हैं। हमारा मकसद प्रदेश को बचाना और प्रदेश को शांति की ओर वापस लाना है।

दूसरे दिन की यात्रा रवाना होने के पूर्व सेवादल के कार्यकर्ताओ ने झंडा वंदन किया तथा ध्वज गीत और राष्ट्र गीत, राष्ट्रगान का गायन किया। लवन खरतोरा मार्ग से होकर कुम्हारी पहुंची जहाँ दोपहर भोजन के बाद यात्रा रोहांसी पहुंची 23 किमी की यात्रा के बाद रात्रि विश्राम किया गया। यात्रा में 200 युवा कांग्रेस के नेता, 200 एनएसयूआई तथा 150 सेवादल के कार्यकर्ता, स्थाई यात्री के रूप में चल रहे है। प्रदेश भर के 1500 कांग्रेसी स्थाई यात्री के रूप में चल रहे, जो पूरे 6 दिन 130 किमी की यात्रा करेंगे। स्थानीय जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में यात्रा में शामिल हुए। दूसरे दिन की यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायक संदीप साहू, शेषराज हरवंश, कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक शैलेष पांडे, यूडी मिंज, गुलाब कमरो, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महेन्द्र छाबड़ा, पारसनाथ राजवाडे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, महामंत्री दीपक मिश्रा, पंकज शर्मा, प्रमोद तिवारी, विद्याभूषण शुक्ला, पीआर खुंटे, अरूण ताम्रकार, आकाश शर्मा, नीरज पांडेय, अशोक राज आहूजा, धर्मेन्द्र यादव, सकलेन कामदार, पूर्णचंद पाढ़ी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता शामिल हुये।

#### गृह जिला संभल नहीं रहा, प्रदेश क्या संभालेंगे- बैज

दूसरे दिन की यात्रा के दौरान संवाददाताओं से चर्चा में श्री बैज ने कहा, 9 महीने की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद कर दिया, अपराध का गढ़ बना दिया है। हमारी न्याय यात्रा का मकसद है कि अपराध रूक नहीं रहा, लेकिन कवर्धा में पिछले सप्ताह तीन साहू समाज के बेटों की हत्या हुई उस घटना को सरकार रोक सकती थी। आज एक साहू बेटे की फिर हत्या होती है और एक गंभीर रूप से घायल है, इस तरह पूरा कवर्धा जल रहा है। गृह मंत्री का गृह जिला है, विधानसभा है वो संभल नहीं रहा है तो क्या प्रदेश संभालेंगे?

#### भूपेश आज शामिल होंगे

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को शामिल होंगे। वे खल्लारी ब्लॉक से न्याय यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के बाद वे वापस लौटेंगे। श्री बघेल दो दिन के दिल्ली प्रवास से आज शाम लौट आए। वहीं यात्रा जिस रूट से गुजर रही है वहां का पूरा फीडबैक लिया जा रहा है।

**श्रीवास्तव ने कहा**

## अध्यक्ष दीपक बैज पदयात्रा नहीं पद बचाने की यात्रा निकाल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, पिछले पांच वर्षों से छत्तीसगढ़ को अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का गढ़ बनाने वाली कांग्रेस को प्रदेश की जनता को विष्णुदेव सरकार की योजनाओं से मिल रही विभिन्न योजनाओं के लाभ से पीड़ा होने लगी है। कांग्रेस पार्टी मुद्दाविहीन हो चुकी है और इसी के चलते न्याय यात्रा के नाम पर फिर से भ्रमजाल बुनकर जनता को भरमाने की कोशिश कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता कांग्रेस के फैलाने वाले भ्रमजाल को भलीभांति समझ चुकी है कि मुद्दाविहीन कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पदयात्रा नहीं पद बचाने की यात्रा निकाल रहे। इसके चलते कांग्रेस की न्याय यात्रा में कोई भी शामिल होने के लिए रुचि नहीं दिखा रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पहले अपने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के साथ न्याय करे। कहने को तो बैज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं, लेकिन कांग्रेस में भूपेश बघेल के इशारों पर काम होता है। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने विधानसभा घेराव करने के लिए आंदोलन किया था, लेकिन उस आंदोलन को जनता ने नकार दिया वहीं कांग्रेस के नेताओं ने अपनी छवि चमकाने के लिए पुलिस के साथ जानबूझकर बदसलूकी की। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में पिछले पांच वर्षों में जो आपराधिक घटनाएं घटी वहीं किसी से छुपी नहीं है। छत्तीसगढ़ को लुटने के लिए भूपेश बघेल की तत्कालीन सरकार ने बड़े-बड़े घोटाले कर डाले।

### 'शरण में तुम्हारी' किताब का विमोचन 2 को

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 2 अक्टूबर को कवि राजेश जैन राही के नए काव्य संग्रह शरण में तुम्हारी का विमोचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक भजन समितियों का सम्मान भी किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर प्रख्यात संगीतकार गायक डॉ. चितरंजन कर का भक्तिगीत गायन और एक भक्तिगीत के वीडियो का प्रस्तुतिकरण भी होगा। जिसमें स्वर रायपुर की युवा गायिका अंजनी अग्रवाल ने दिया है। कृति 'शरण में तुम्हारी' का प्रकाशन प्रतिष्ठित श्वेतवर्णा प्रकाशन दिल्ली ने किया है। कृति में 51 मनभावन भक्ति गीत हैं। भूमिका रायबरेली के वरिष्ठ साहित्यकार रामबाबू रस्तोगी ने लिखी है और प्रख्यात कवि डॉ. मानिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने अपने कीमती विचारों से प्रतिष्ठित किया है।

## उद्योग विभाग में 26 कर्मचारियों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उद्योग विभाग में 26 अफसरों के पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में जिन पदों के लिए पदोन्नति की है, उनमें महाप्रबंधक से मुख्य महाप्रबंधक, सहायक प्रबंधक से प्रबंधक और सहायक संचालक से उप संचालक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जारी आदेश में चिंता राम टेकाम महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बालोद को मुख्य महाप्रबंधक सीएसआईडीसी रायपुर, संजय राणे उप संचालक उद्योग संचालनालय को मुख्य महाप्रबंधक सीएसआईडीसी रायपुर और खिस्तोफर केरकेटटा प्रभारी उप मुख्य महाप्रबंधक उद्योग केंद्र रायपुर को मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं ए श्रीधर राव सहायक प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर को प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बिलासपुर, मीनेश कुमार पटेल सहायक प्रबंधक उद्योग संचालनालय रायपुर को प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रायपुर और कुलेश्वर कुमार उईके सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर को प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर पदस्थ किया गया है। वहीं 20 सहायक संचालक को उप संचालक के पद पर पदोन्नत कर नई पदस्थापना जारी की गई है।

## गृहमंत्री से नहीं संभल रही राज्य में कानून व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ का हर नागरिक असुरक्षित है। हर रोज हो रहीं हत्याओं, बलात्कार, लूट, डकैती और चाकूबाजी की घटनाओं से प्रदेश में भय का माहौल बन गया है। पुलिस के सामने एक आदमी को उसके घर में जिंदा जला दिया जाता है, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। पुलिस कस्टडी में ग्रामीण की मौत हो जाती है, कवर्धा के लोहारडीह में हत्या हो जाती है। बालोद में 7 साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म हो जाता है, राज्य में कलेक्टर, एसपी कार्यालय जलाए जा रहे हैं, राजधानी के बस स्टैण्ड में महिला के साथ सामूहिक बलात्कार हो जाता है, भिलाई के स्कूल में 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार होता है, बलरामपुर में व्यापारी से 5 करोड़ की लूट हो जाती है, राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर गोलियां चलाते है, राजधानी में अपराधी खुले घूम रहे हैं, तेलीबांधा मरीन ड्राइव 22-23 सितंबर की दरमियानी रात एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी जाती है, कानून व्यवस्था पर पुलिस, सरकार नाकाम साबित हो रही है।

## किसान नेता बोले- यह फैसला सिर्फ एक गांव नहीं, नवा रायपुर में भूमि अधिग्रहण मामलों के लिए महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नवा रायपुर प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए किसानों के हित में निर्णय लिया है। नई राजधानी प्रभावित किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रूपन चंद्राकर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा, यह फैसला सिर्फ एक गांव के लिए नहीं, बल्कि नवा रायपुर में भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों के लिए महत्वपूर्ण है।

अब 75 प्रतिशत भू-स्वामी किसानों की सहमति पर ही भूमि अधिग्रहण किया जा सकेगा। किसी स्थिति में अब नए कानून के तहत किसानों की सहमति में कमी हुई, तो भूमि अधिग्रहण करना मुश्किल होगा। ये फैसला न केवल किसानों के अधिकारों को संरक्षित करता है, बल्कि नवा रायपुर परियोजना की दिशा और गति को भी प्रभावित कर सकता है। नई राजधानी प्रभावित किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रूपन चंद्राकर ने बताया कि यह मामला ग्राम रीको के 127 किसानों का है, जिस पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

नवा रायपुर में के सेक्टर-5 में यह जमीन है। यहां कुल 128.40 हेक्टेयर जमीन है, जिस पर निर्माण कार्य नहीं हुआ है। यह जमीन एनआरडीए ने औद्योगिक प्रयोजन के लिए रखी है। यहां पर केवल 3 किसानों ने मुआवजा लिया था। किसानों को 18.30 लाख एकड़ के हिसाब से मुआवजा मिलना था। यहां के किसानों ने मार्च 2013 में एनआरडीए के अधिग्रहण के विरोध में मार्च 2014 में प्रकरण दायर किया था। 27 नवंबर 2018 को सिंगल बेंच ने किसानों के पक्ष में निर्णय दिया। निर्णय खिलाफ एनआरडीए ने 2019 में हाईकोर्ट के डबल बेंच में अपील की थी। 26 सितंबर को डिवीजन बेंच ने एनआरडीए की अपील को खारिज कर दिया।

**यह है पूरा मामला :** पूरा मामला भू अर्जन अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं होने को लेकर है। नया रायपुर के विकास के लिए 21 मार्च 2013 को 128.39 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तहत कुलदीप, लखेश्वर प्रसाद सहित 127 किसानों की जमीन अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बीच 1 जनवरी 2014 से जमीन अधिग्रहण के लिए भू अर्जन में पारदर्शिता और उचित मुआवजे का अधिकार अधिनियम 2013 लागू हो गया। किसानों ने पुराने अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक की गई जमीन अधिग्रहण और मुआवजे की पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की थी। नए अधिनियम के तहत 12 माह के भीतर मुआवजे की राशि दी जानी थी।

■ हाईकोर्ट के माध्यम से ही निकलेगा किसानों की समस्याओं का समाधान- रूपन चंद्राकर

### 96 याचिकाएं कोर्ट में लगीं

श्री चंद्राकर ने बताया कि किसानों ने एनआरडीए के भूमि अधिग्रहण के मामले में कोर्ट में कुल 96 याचिकाएं दायर की है। इनमें से एक याचिका में लगभग 6000 किसानों ने लगाया है। मामले की सुनवाई 30 सितंबर को हाई कोर्ट में है। किसानों को नए पुर्नवास एक्ट का फायदा मिलना था वह नहीं मिला। उन्होंने बताया कि किसानों ने एनआरडीए से लगातार मांग रखी, लेकिन कोई समझौता नहीं हो पाया। किसानों ने मांग की थी कि लेयर एक में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई, उन्होंने लेयर-2 और 3 में जमीन की मांग की थी, लेकिन इस पर कोई समझौता नहीं हो पाया। किसानों ने कमल विहार की तर्ज पर भी समझौता प्रस्ताव रखा लेकिन एनआरडीए तैयार नहीं हुआ। अब हाई कोर्ट के फैसले के बाद एनआरडीए को किसानों से समझौता करना ही होगा।

**कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने एफआईआर दर्ज कराने जारी किया आदेश**

# दुकान में चावल-शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज, नोटिस के बाद भी भरपाई नहीं की, 6 संचालकों पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



जिले के 6 राशन दुकान के संचालकों के खिलाफ अब एफआईआर दर्ज होगी। इन सभी संचालकों की दुकानों में सवा दो साल पहले आवंटन की तुलना में भारी मात्रा में चावल के अलावा शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज पाया गया था। इन सभी संचालकों को नोटिस जारी कर शॉर्टेज खाद्यान्न के बदले राशि जमा करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी इनके द्वारा शॉर्टेज खाद्यान्न की भरपाई नहीं की गई, जिसके बाद इन सभी दुकानों को आरआरसी जारी कर संपत्ति कुर्की का आदेश जारी किया गया था, लेकिन इस आदेश के बाद भी अब तक इन दुकानों से रिकवरी नहीं की गई है। खाद्य विभाग ने अब कलेक्टर के निर्देश पर इन दुकानों के संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया है।

**3 दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश:** खाद्य विभाग ने इन सभी दुकानों के संचालकों के विरुद्ध तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है। यह आदेश 27 सितंबर को जारी किया गया है। 28 एवं 29 सितंबर को अवकाश के कारण अब तक किसी भी संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को सरकारी दफ्तर खुलते ही संचालकों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

### इन दुकान संचालकों पर होगी एफआईआर

जिन 6 दुकानों के संचालकों पर एफआईआर होना है। उनमें क्रमशः जय हिंद प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार रायपुर आईडी क्रमांक-401001080, ग्राम पंचायत गुखेरा आरंग आईडी 442003058, ग्राम पंचायत छटेरा आरंग आईडी 442003054, ग्राम पंचायत बड़गांव आरंग आईडी 442003113, ग्राम पंचायत भलेरा आरंग आईडी 442003060 एवं ग्राम पंचायत मांठ तिल्दा आईडी 442004042 शामिल है।

### अन्य दुकान संचालकों पर भी एफआईआर कराएंगे

शॉर्टेज खाद्यान्न की रिकवरी करने के लिए दुकान संचालकों को कई बार नोटिस जारी किए। इसके बाद आरआरसी जारी किया। इसके बाद भी संचालकों द्वारा शॉर्टेज खाद्यान्न के बदले राशि लौटा नहीं रहे हैं। 6 संचालकों के खिलाफ एफआईआर कराने आदेश जारी किया है। इसके बाद अन्य संचालकों के खिलाफ भी केस दर्ज कराएंगे।

-भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

## आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन सोशल मीडिया के माध्यम से दिखाएंगे इंफ्लुएंसर




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

साइंस कॉलेज मैदान पर 5 एवं 6 अक्टूबर को नो योर आर्मी मेले में आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन होगा। इस प्रदर्शन को इंफ्लुएंसर के माध्यम से सोशल मीडिया में भी देखने को मिलेगा।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर के इंफ्लुएंसर से चर्चा करते हुए सेन्य प्रदर्शन मेले को सफल बनाने अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने इंफ्लुएंसर से सुझाव भी मांगे। कलेक्टर ने बताया कि इस अवसर पर स्कूलों में आर्मी थीम पर क्विंज एवं आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से आर्मी मेले का प्रचार-प्रसार कर युवाओं को दिखाए जाएंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, स्मार्ट सिटी के सीओ उज्जवल पोरवार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 29 सितंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




**लाइव इवेंट**

## हृदय स्वस्थ रखने पांच हजार लोगों ने लगाई दौड़, डॉक्टरों ने किया जागरूक



**रायपुर।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने शनिवार को एनएच वल्कथॉन का आयोजन किया। हॉस्पिटल प्रबंधन के द्वारा विगत 13 वर्षों से शहर में यह आयोजन किया जा रहा है। वॉकथॉन शहीद भगत सिंह चौक से 28 सितंबर प्रातः 6 बजे प्रारंभ किया गया, जिसमें शहर के सभी वर्ग बैंक, पीएसयू, कॉर्पोरेट्स के लोगों ने हृदय को स्वस्थ्य रखने की जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए भाग लिया। कार्यक्रम में 5000 से अधिक प्रतिभागियों ने एक लक्ष्य को साधते हुए पैदल चलने में अद्वितीय सफलता प्राप्त की। अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर अजीत कुमार बेलमकोण्डा एवं वरिष्ठ अस्पताल अधीक्षक डॉ. अक्षय किलेदार, एमएमआई की पूरी टीम ने सफल बनाया। अजीत कुमार ने प्रतिभागियों से वार्ता करते हुए हृदय रोगों को रोकने के लिए नारायणा हृदयालय समूह ने हृदय की देखभाल के प्रति संकल्प और नियमित शारीरिक गतिविधि की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

### हृदय रोगों से बचने किया जागरूक

कार्यक्रम में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग एवं अन्य डॉक्टरों ने उपस्थिति दी और हृदय स्वास्थ्य की जागरूकता को बढ़ाने के लिए एकजुट हुए। डॉक्टरों में विशेषतः डॉ. एसएस पाढ़ी, डॉ. सुनील गौनियाल, डॉ. पीके हरि, डॉ. किंजल बख्शी, डॉ. स्नेहिल गोस्वामी, डॉ. मो. वसीम खान, डॉ. प्रशांत माधारीय, डॉ. रघुवेंद्र ओझा, डॉ. राकेश चंद, डॉ. अरुण अंडपन, डॉ. धर्मेश लैड अवाम, डॉ. प्रदीप शर्मा एवं तरुण मिश्रा ने भाग लिया। सबकी मौजूदगी में हृदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, डॉक्टरों के मरीजों के प्रति कर्तव्य का प्रमाण दिया। सम्मान की घड़ी में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए।

**सिटी इवेंट**

## आवासीय विपश्यना शिविर में 10 दिन लोग करेंगे ध्यान साधना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विपश्यना ट्रस्ट द्वारा 1 अक्टूबर से दस दिवसीय आवासीय विपश्यना ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ध्यान साधना की वैज्ञानिक विधि के बारे में पंजीयन के आधार पर शामिल होने वाले साधकों को जानने का अवसर मिलेगा। रायपुर के सिंगारभाठा विपश्यना ध्यान केंद्र में 20 वर्ष से अधिक उम्र की महिला एवं पुरुष शामिल हो सकते हैं। केंद्र में साधक और साधिकाओं के लिए प्रसाधन युक्त एकल आवास एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ध्यान कक्ष तैयार किए गए हैं। शिविर का संचालन छत्तीसगढ़ केंद्र के आचार्य सीताराम साहू करेंगे। दैनिक जीवन में व्यावसायिक, सामाजिक स्तर पर हर साल साधकों को शामिल होने का मौका मिलता है।



### रहना-खाना व साधना निशुल्क

इस व्यावसायिक जगत में कुछ भी मुफ्त नहीं होता है, लेकिन लोग विपश्यना शिविर से जुड़ सकते हैं। इन शिविरों में शामिल होने की कोई फीस नहीं ली जाती, यहां तक कि रहने, खाने और इस अनमोल विद्या को सिखाने का भी कोई शुल्क नहीं देना होता है। शिविर में शामिल होने वाले लोग स्वेच्छा से चाहें तो दान कर सकते हैं। 10 दिवसीय कोर्स के बाद लोग पुराने साधक बन जाते हैं। जीवन की गुणवत्ता में सुधार और जीवन का उद्देश्य खोजने के लिए "आत्म-अवलोकन के माध्यम से आत्म-मूल्यांकन" यह केवल 10 दिनों का निवेश है।

### अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में पुराने गीत सुन भावविभोर हुए संगीत प्रेमी

# लता के फैंस ने सजाई महफिल, क्लासिकल और रॉक फ्यूजन संग सुरेंद्रो-सौम्यजीत ने जमाया रंग

**रायपुर।** सुर साम्राज्ञी स्व. लता मंगेशकर के गीतों को संजीदगी से सुनने वाले संगीत प्रेमियों की महफिल सजाने लता मंगेशकर फैंस क्लब नवा रायपुर के प्रमुख मनोज शर्मा व सुमन शर्मा ने पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में भव्य आयोजन किया। इसमें स्वर्णिम दौर का साक्षी बनने वालों में हर वर्ग के लोग पार्श्वगायिका के चर्चित गीतों का गुलदस्ता सजाने में अहम भूमिका निभाते हुए श्रोताओं के बीच नजर आए। इसमें आकर्षण का केंद्र रहे कोलकाता के सुरेन्द्रो और सौम्यजीत ने क्लासिकल व रॉक फ्यूजन संग संगीत प्रेमियों को अपनी सुमधुर आवाज और प्रस्तुति से भावविभोर कर दिया। स्टार सिंगर्स ने संगीत में रुचि रखने और अच्छा सुनने की चाहत लेकर पहुंचे श्रोताओं का उम्दा अंदाज और गीतों से जुड़ी यादों से आगे बढ़ाने का सिलसिला शुरू किया।



### श्रोताओं को मंच से जोड़े रखा

इस महफिल में एक पल के लिए भी लोग मंच से खुद को अलग नहीं कर पाए। कुछ इसी तरह की प्रस्तुति रॉक फ्यूजन के जरिए सुरेन्द्रो व सौम्यजीत ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि करीब दो हजार लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम में श्रोताओं की उपस्थिति भी देखने लायक थी। प्रोग्राम का आगाज आईएनएच एवं हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, पुलिस विभाग के आला अधिकारी प्रदीप गुप्ता, रतन लाल डांगी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। सभी अतिथियों का फैंस क्लब द्वारा किए गए इस आयोजन से संगीत के प्रति इनके लगाव भी बताता है। सुनने वालों में भी हर वर्ग के लोग शामिल रहे।

### इनकी जुगलबंदी से सजी महफिल

करीब तीन घंटे चली इस संगीत की महफिल में रुद्राक्ष कुमार ने पियानो, नमन टाक ने बांसुरी तो मिलित मंडल ने ड्रम पर जुगलबंदी करते हुए कोलकाता की रॉक बैंड को बुलंदी तक पहुंचाया। हर गीत में संगीत की बेजोड़ प्रस्तुति मंच पर देखने को मिली। लोगों को एक पल के लिए भी ऐसा नहीं लगा कि लता दीदी के गीत सुनने वाले पुराने दिन लौट आए।





### मेरी आवाज ही पहचान है...

जैसे-जैसे गीतों का सिलसिला आगे बढ़ रहा था, लोगों की उम्मीद भी बढ़ रही थी कि लताजी का वह प्रसिद्ध गाना सुन लेता। मंच पर भी इस कसर को पूरा करने का भरपूर प्रयास सुरेन्द्रो और सौम्यजीत ने किया। आपकी आंखों में कुछ महके हुए से राज है..., भीगी-भीगी रातों में, मीठी-मीठी बातों में..., ऐसे करीब 20 टॉप गीतों का गुलदस्ता सजाया, जिसे श्रोताओं ने भी सराहा। ऑडिटोरियम में हर प्रस्तुति के बाद तालियां गूंज उठती थीं। इसमें रोचक बात यह भी थी कि वे बीच-बीच में हर गाने से लताजी का कैसा लगाव था, उन गीतों को गाने के लिए किस तरह का माहौल बना। ऐसी कई यादों को भी वे श्रोताओं से साझा कर रहे थे, इससे लोगों का लगाव मंच से अंत तक रहा।

## कैमरे में हुई कैद प्रकृति की सुंदरता, पक्षियों पर टिकी निगाहें

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित प्राचीन आर्ट गैलरी महाकोशल कला वीथिका में 'फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रदर्शनी का समापन रविवार किया जाएगा। प्रदर्शनी के दौरान 50 फोटो लगाई गई है। प्रबंधक डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया, बीते दिनों विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 138 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा को तीन भागों में विभाजित किया गया, जिसमें स्कूल, महाविद्यालय व अन्य समाज के सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। चयनित पांच थीम पर प्रतियोगिता का चयन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को कैमरे से 10 फोटो सबमिट करने का आदेश दिया गया था। इस दौरान केवल 50 प्रतिभागियों की फोटो प्रदर्शनी के लिए चयनित की गई, जिसमें 30 प्रतिभागियों को रविवार को सम्मानित किया जाएगा। शहर स्थित राजकुमार कॉलेज परिसर को फोटो के लिए चयन किया गया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता को बीते 19 सालों से संचालित किया जा रहा। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 12वीं, महाविद्यालय व अन्य सामान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान तीनों वर्गों से 10-10 फोटो पुरस्कार वितरण से लिए चयनित किए गए हैं।

### फोटोग्राफी कला प्रदर्शनी में चयनित 30 प्रतिभागियों का सम्मान समारोह





### प्रकृति की सुंदरता की थीम

प्रदर्शनी में फोटोग्राफी की निश्चित थीम पर शानदार फोटो खींची गई। जिसमें नेचर, कॉलेज परिसर का स्ट्रक्चर, छोटे जीव-जंतुओं की फोटो शामिल रही। प्रकृति की सुंदरता को प्रस्तुत करने का सबका अपना अलग अंदाज देखने को मिला। जिसमें प्रतिभागियों ने तितली, बारिश की बूंद, पक्षी व 100 साल पुराने पेड़ के छाल की फोटो शामिल रहीं।

### मूड थीम बेस्ड फोटो

भाटापारा स्थित जीएनए महाविद्यालय से बीकॉम के छात्र गौरव देवांगन ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस दौरान गौरव द्वारा मूड थीम पर क्लिक की गई फोटो का चयन किया गया। फोटो में एक बच्चा फुटबॉल खेलता दिखाई दे रहा है, इस दौरान बच्चा बेहद खुश नजर आ रहा है। वह टैक्निक्स के साथ फुटबॉल खेलना पसंद कर रहा। फोटो में बच्चा बिना किसी साथी के अकेला मैदान में खेल रहा, जो कई संदेश दे रहा है।

### एक फोटो क्लिक करने में 20 मिनट

राजधानी निवासी रोशन शर्मा ने बताया, प्रतियोगिता में जाने से पहले किसी भी प्रकार की तैयारी नहीं की थी। यहां पहुंचकर फोटोग्राफी के थीम की जानकारी हुई, इसमें मूड, शैडो, आर्किटेक्चर, परफेक्ट व अमूर्त थीम रखी गई। प्रत्येक विषय पर 2-2 फोटो प्रतिभागियों द्वारा सबमिट की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। रोशन शर्मा द्वारा प्रस्तुति फोटो में पानी के बुलबुले देखने को मिले, जिसकी तस्वीर सही ढंग से क्लिक करने में 20 मिनट का वक्त लगा। फोटोग्राफर ने बताया, एक फोटो के लिए विभिन्न एंगल से 15-20 बार कैमरा क्लिक किया।

## नुआखाई महोत्सव में आज सजेगी गीतों की महफिल

**रायपुर।** हर साल की तरह जुहार परिवार की अगवाई में इस बार भी धूमधाम से नुआखाई महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सिंगर्स गीतों की महफिल सजाएंगे। रविवार को शाम 6 बजे से होने वाले महोत्सव को सफल बनाने के लिए जुहार परिवार ने वालंटियर्स को भी जिम्मेदारी दी है। इसमें लोगों को बेहतर माहौल देने के लिए कुर्सियां भी सजाई जाएंगी, ताकि लोग महोत्सव का लुत्फ उठा सकें। यह जानकारी शनिवार को पत्रकारवार्ता में देते हुए जुहार परिवार के अध्यक्ष संजय नाग, विजय नाग और हरीश यादव ने बताया कि उत्कल समाज नुआखाई पर्व को उत्सव की तरह मनाता है। इसे देखते हुए विगत 15 सालों से महोत्सव मनाने का सिलसिला जारी है।



### बिखरेगी सांस्कृतिक छटा

उन्होंने बताया कि नुआखाई के दिन उत्कल समाज के लोग नए वस्त्र, आभूषण पहनकर और विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर एक- दूसरे को बधाई देते हैं। इस अवसर पर समाज के लोगों की सांस्कृतिक छटा बिखरेगी। साथ ही विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। ओडिशा के डमरू तांडी और छत्तीसगढ़ की माधुरी शर्मा, मनेश्वर ध्रुव गीतों की महफिल सजाएंगे। चर्चित सिंगर्स को लोग बेहतर माहौल में सुन सकें, इसका भी ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए वालंटियर्स को व्यवस्था बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

## 51 दिन साधु जीवन में सूर्यास्त के बाद नहीं पी सकेंगे पानी

**रायपुर।** इस चातुर्मास जैन दादाबाड़ी में तपस्याओं की झड़ी लगी है। 44 दिन का महान सिद्धि तप हाल ही में संपन्न हुआ था कि समाज फिर एक बड़ी तपस्या करने जा रहा है। 4 अक्टूबर से यहां उपधान तप शुरू होने जा रहा है। अब तक 150 से ज्यादा श्रावक-श्राविकाएं इसके लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अन्य राज्यों के लोग भी शामिल हैं, जो 51 दिन तक तमाम साधन-सुविधाएं छोड़कर साधु समान जीवन बिताएंगे। विराग मुनि ने बताया, 51 दिन का ये महानुष्ठान परम पूज्य गुरुदेव श्री विनय कुशलजी मुनि की पावन निश्रा में संपन्न होगा। इस तप को करने वाले साधक को ब्रह्म मुहूर्त यानी सूर्योदय से 90 मिनट पहले उठना पड़ता है। फिर रात 9 बजे तक आत्मशुद्धि के लिए विभिन्न तरह की क्रियाएं करनी होती हैं। इस तप में एक दिन उपवास, एक दिन एकासना करने का विधान है। उपवास वाले दिन भी केवल गर्म पानी ही पी सकते हैं। वहीं पूरे 51 दिन सूर्यास्त होने के बाद पानी नहीं पी सकते।



### भौतिक सुविधाएं छोड़कर तपस्या

मुनिश्री ने बताया कि इन 51 दिनों में श्रावक-श्राविकाएं मोबाइल, एसी-कूलर समेत तमाम भौतिक साधनों से दूर रहेंगे। सोने के लिए बिस्तर भी नहीं मिलेगा। जमीन पर चादर बिछाकर सोना होगा। तप का मकसद लोगों को भौतिक वस्तुओं से परे ऐसे जीवन अनुभव कराना है, जहां वे वास्तविक आनंद को पहचान सकें। क्रोध, लोभ, मान, माया जैसे कषायों पर विजय हासिल कर पापों से मुक्त हों। आत्मशुद्धि करें।

### तपस्या के बाद 2 की दीक्षा

आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के महासचिव नरेश बुरड़ ने बताया, उपधान तप 4 अक्टूबर से 23 नवंबर तक चलेगा। इसके लाभार्थी मुकेश, राकेश, राजेश बुरड़ परिवार हैं। इस तप में जैन के अलावा अन्य समाज के लोग भी हिस्सा ले सकते हैं। इन 51 दिनों के दौरान तपस्वियों को कुछ नियम मानने होंगे, जो सबके लिए समान हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है। तपस्वियों को एडमिट कार्ड के साथ एक दिन पहले ही रायपुर की दादाबाड़ी आना होगा। रोज सुबह-शाम प्रवचन, प्रतिक्रमण, उपधान की प्रक्रिया के साथ देववंदन व सामूहिक आराधना जरूरी है। महिलाओं और पुरुषों के रहने की अलग व्यवस्था है।


रायपुर बाजार

Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

कृष्णा मोटर्स
भारत का मजबूत एवं भरोसेमंद ई-रिक्शा
• आसान फायनेंस पर उपलब्ध • न्यूनतम डाऊनपेमेंट में घर ले जाएं
• मिनीमम 100 से 150 किलो. तक माइलेज पाएं
• लो मेंटनेस • चलाने में आसान, प्रदूषण से मुक्ति
• भारत माता चौक, गुढ़ियारी, रायपुर • स्टेशन रोड गुरुद्वारा नीम पेड़ के पास, रायपुर
• करण टेलर्स के पास, गोकुल नगर, रायपुर मो. 9926131523, 9755802331

| मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ | प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ | सोफा कमबेड बीन बैग | EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/- |
|---|---|---|---|
| मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ | पुराना गद्दा लाये नया ले जाये | Mattress 30 से 50% लेस | रूई गद्दा 220/- रूई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रूई गद्दा 4x6=600/- |

संजय रूई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

ॐ सांई कार्पोरेशन
आकर्षक डील्स पाएं
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
9977115597, 8319076661
C-4, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR, NEAR CITY CENTER MALL, RAIPUR, 492004
KITCHEN GALAXYNXMODULAR
₹55,000 ₹95,000 ₹1,50,000

करन मोटर्स CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिल्टर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

खबर संक्षेप

## गायत्री मंदिर में स्वच्छता श्रमदान आज

**रायपुर।** गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में रविवार को सुबह 9 बजे केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य और उप मुख्यमंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, धरसींव विधायक अनुज शर्मा, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे , नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव उपस्थित रहेंगे।

## शहीद भगतसिंह को किया याद

**रायपुर।** शहीद भगतसिंह की जयंती अवसर पर राजधानी के शहीद भगत सिंह चौक में नगर निगम के संस्कृति विभाग ने कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें याद किया। इस मौके पर पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव सहित सिख समाज के गणमान्य जन व सामाजिक कार्यक्रम उपस्थित रहे।

## केंद्रीय जल संसाधन मंत्री से की मुलाकात



**रायपुर।** केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने एवं देवजी भाई पटेल ने पहुना गेस्ट हाउस में मुलाक़ात की।

## अपेक्स बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति की आमसभा




**रायपुर।** अपेक्स बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति की 23वीं वार्षिक आमसभा एक निजी होटल में शनिवार को हुई, जिसमें कर्मचारी समिति के आय-व्यय एवं लाभार्जन की स्थिति 31 मार्च तक प्रस्तुत की गई और आगामी कार्ययोजना तथा बजट का अनुमोदन किया गया। अपेक्स बैंक कर्मचारी साख समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार चौधरी ने कहा कि अपेक्स बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति को वर्ष 2023-24 में 4.99 लाख का सकल लाभ हुआ तथा संस्था के सदस्यों को 4.67 प्रतिशत लाभांश देना पारित किया जाएगा। इस आमसभा में जीएस ठाकुर, यामिनी वर्मा, एके लहरे, अरुण मिश्रा, प्रभाकर कांत यादव, आभा सोनी, रविंद्र यादव एवं सदस्य भूपेश चंद्रवंशी, श्रीकांत चंद्राकर, डीआर वाघमारे, श्री पात्रे, राजीव दुबे, विवेक सिंह ठाकुर, दिवाकर पैकरा, समर सिंह सोलंकी, रचना तिवारी, सुनंदा वर्मा, संदीप यादव एवं बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही।

## स्वच्छता पखवाड़े में की तालाब की सफाई



**रायपुर।** रोहिणीपुरम तालाब की शनिवार को वृहद स्तर पर सफाई की गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जारी स्वच्छता अभियान के तहत किया गया। स्वभाव स्वच्छ-संस्कार स्वच्छ की दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन जोन-5 के कमिश्नर विमल शर्मा की अगवाई में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने शासकीय, अर्धशासकीय, एवं ग्रीन आर्मी एनजीओ साथ दे रहे हैं। ज्ञात हो कि ग्रीन आर्मी टीम द्वारा विगत एक वर्ष से रोहिणीपुरम तालाब की सफाई की जा रही है। इस दौरान निशित वर्मा, संदीप वर्मा, ग्रीन आर्मी से श्याम बघेल, नारायण प्रसाद सेन, केके गनौदवाले, रघुनाथ राय, अरुण देवांगन, रवीश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# न्याय यात्रा का हर 6 किमी में एक पड़ाव, यहां नाश्ते भोजन की रहती है व्यवस्था

### स्थानीय लोगों की मदद से रसोईये तैयार करते हैं खाना, पीसीसी अध्यक्ष कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए चलते हैं पैदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और कांग्रेसियों की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में हर 6 किलोमीटर के बाद एक पड़ाव तय किया गया है। यहां पर नाश्ता, चाय और दोपहर में भोजन की व्यवस्था के लिए स्थानीय निवासियों का सहयोग और स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधियों की मदद से की जा रही है। रात्रि विश्राम के लिए जो स्थान तय किया गया है वहां लोक गीत और मनोरंजन के लिहए स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। न्याय यात्रा में साथ में चल रहे कांग्रेस कार्यकर्ता ने बताया कि न्याय यात्रा के पहले रूट के संबंध में स्थानीय विधायक और कांग्रेस के जन प्रतिनिधियों से चर्चा कर स्थल चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज आम कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए चल रहे है। गांव-गांव में ग्रामीणों के द्वारा उनके न्याय यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। यात्रा में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रस्सी का घेरा बनाकर पीसीसी अध्यक्ष विधायक और अन्य लोग यात्रा के दौरान चलते हैं। सुबह यात्रा शुरू होने से पहले पीसीसी अध्यक्ष वहां के मंदिर में पूजा करने के बाद ही अपनी यात्रा की शुरूआत करते हैं। यात्रा रवाना होने के पूर्व सेवादल के कार्यकर्ता झंडा वंदन, ध्वज गीत और राष्ट्र गीत, राष्ट्रगान का गायन कर निकलते हैं। पीसीसी अध्यक्ष सहित यात्रा में शामिल होने वाले कार्यकर्ता भी इसमें भाग लेते हैं।

#### 2000 कांग्रेसी स्थायी पदयात्री

यात्रा में प्रतिदिन 200 युवा कांग्रेसी, 200 एनएसयूआई कार्यकर्ता, 150 सेवादल के कार्यकर्ता, साथ ही 1500 प्रदेश भर के कांग्रेसी स्थाई यात्री के रूप में चल रहे, जो पूरे 6 दिन 130 किमी की यात्रा करेंगे। स्थानीय जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में यात्रा में चल रहे है। जहां से यात्रा शुरू होती है वहां से लेकर रास्ते में कई लोग शामिल होते हैं।



#### जमीन पर गद्दा का बिछौना

रात्रि विश्राम वाले स्थान यात्रा शुरू होने से पहले ही तय किए गए थे। इनमें कुछ स्थानों पर निजी स्कूल भवनों को रात्रि विश्राम के लिए चुना गया है। यहां पर जमीन पर गद्दा डालकर कांग्रेसी विश्राम करते हैं। यहां स्थायी रूप से चल रहे कांग्रेसियों के लिए व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोग पद यात्रा के बाद अपने-अपने घर लौट जाते हैं। अलग-अलग कमरों में संख्या के हिसाब से इसकी व्यवस्था की गई है। यहां पर नेता और कार्यकर्ता सुविधानुसार आपस में सहयोग कर अपनी यात्रा का यादगार बनाने का प्रयास करते हैं।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान पर नगर निगम का विविध आयोजन

# विद्यार्थियों ने निकाली साइकिल रैली, शिवानंद नगर में स्वच्छता परमो धर्म पर सजाई रंगोली





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेवा ही स्वच्छता अभियान की कड़ी में नगर निगम के अलग-अलग जोन कमिश्नरी की ओर से शहर के स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम जनता के सहयोग से लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सप्रे शाला के विद्यार्थियों ने स्वच्छ साईक्लाथन में बूढ़ातालाब के नए परिक्रमा पथ मार्ग पर साइकिल रैली निकाली। बैनर-पोस्टर लेकर उत्साह के साथ विद्यार्थी शामिल हुए। शिवानंद नगर के डैजल स्कूल में परमो धर्म थीम पर छात्राओं ने सुंदर रंगोली सजाई। देवेन्द्र नगर के आदर्श स्कूल में गीत, नृत्य और लघु नाटिका पेश कर सफाई का संदेश दिया गया।

- रोहणिपुरम तालाब की सफाई कर श्रमदान

आदर्श विद्यालय देवेंद्र नगर में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सफाई की अहमियत बताई। घरों के आसपास को साफ-सुथरा रखने गीत और नृत्य के माध्यम से प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी बात कही। जोन 2 सहायक उपअभियंता पीडी धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी के साथ विद्यालय परिवार कार्यक्रम में शामिल हुआ।

नगर निगम जोन 4 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ मार्ग पर स्वच्छ साइक्लाथन का आयोजन किया गया। इसमें माधवराव सप्रे स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर साइकिल रैली निकाली। स्वच्छता परमो धर्म की थीम पर आधारित रैली में पर्यावरण संरक्षण के संदेश देते बैनर पोस्टर आकर्षण का केन्द्र बने। कार्यक्रम में जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, स्वच्छ भारत मिशन शाखा के कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कड़ू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति रही।

#### सोनडोंगरी बीएसयूपी कालोनी में सफाई अभियान

नगर निगम जोन 8 ने सोनडोंगरी बीएसयूपी कालोनी में शनिवार को सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर रहवासियों ने स्वच्छ पर्यावरण रखने सामूहिक शपथ ली। परिसर को साफ-सुथरा करने में सफाई मित्रों के विशेष गैंग का सहयोग रहा। पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के तहत बीएसयूपी आवासीय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन में सामूहिक शपथ दिलवाई।

#### रोहणिपुरम तालाब की सफाई के लिए श्रमदान

नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग ने एनआईटी के सहयोग से क्लब के साथ मिलकर रोहणीपुरम तालाब की सफाई कर कचरा उठवाया। तालाब की सफाई कार्य में सफाई मित्रों की सहभागिता रही। श्रमदान के कार्यक्रम में डॉक्टर आशीष कुमार दास, डॉक्टर सौम्या अग्रवाल, नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, सहयोग क्लब के सदस्य शामिल रहे।

# पीएम सूर्य घर योजना में अब उधार के पैसों से भी लगेंगे सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में प्रदेश में एक साल में 25 हजार घरों में सोलर पैनल से बिजली उत्पादन करने का लक्ष्य तय किया गया है।

छह माह में महज सात हजार आवेदन ही आए हैं, वहीं अब तक करीब 400 घरों की छतों पर ही सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन प्रारंभ किया गया है। कम उपभोक्ताओं के रुझान के पीछे एक बड़ा कारण पैसों की कमी भी है। ऐसे में अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने उपभोक्ताओं को बैंकों से ऋण दिलाकर सोलर पैनल लगाने की तैयारी की है। यानी अब उधार के पैसों से भी योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक दो लाख तक का ऋण सात फीसदी ब्याज दर पर देने के लिए तैयार हैं। तीन किलोवाट पर करीब दो लाख तक का खर्च आ जाता है।

- उपभोक्ताओं को अब बैंकों से सात फीसदी ब्याज पर दो लाख तक का ऋण दिलाने की तैयारी

केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देश भर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है।

#### कम आवेदनों के कारण चिंता

प्रदेश में इस योजना में अप्रैल से अब तक करीब सात हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब तक करीब चार सौ घरों में संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है। बाकी में संयंत्र लगाने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी को अपने लक्ष्य को लेकर चिंता है। यही वजह है अब उपभोक्ताओं को ऋण दिलाने की तैयारी है। पॉवर कंपनी ने समस्त सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों की बैठक की। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकर्स ने बताया उन्हें 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाने हेतु ऋण देने के निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। बैंक शाखाओं में उपभोक्ताओं को सरलता के साथ ऋण प्रदान करने के इंतजाम किए गए हैं। निजी बैंकों द्वारा यह बताए जाने पर कि उन्हें मुख्यालय की ओर से इसके लिए अभी निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्हें कहा गया कि वे भी अपने-अपने मुख्यालय स्तर से भारत सरकार की इस योजना में सहयोग करने तथा 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा देने की पहल करे।



# ग्राम टंडवा हाईस्कूल का शौचालय क्षतिग्रस्त छात्र-छात्राएं खुले में जाने के लिए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में शुक्रवार को तिल्दा ब्लाक के ग्राम टंडवा स्थित हाईस्कूल के शौचालय का मामला भी उठा। पंचायत सदस्य राजू शर्मा ने यह मामला उठाते हुए कहा कि शासकीय स्कूलों में एक ओर जहां विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है, वहीं दूसरी ओर टंडवा हाईस्कूल में जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो चुका शौचालय की मरम्मत तक नहीं की जा रही है। इसके कारण मजबूरी में बच्चों को स्कूल के बाहर खुली जगहों पर लघुशंका एवं शौच के लिए जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्कूल में जल्द से जल्द शौचालय की मरम्मत एवं रंगाई कराने की मांग की। इस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जल्द से जल्द स्कूल में शौचालय की मरम्मत कराने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।

- जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में उठा मामला

#### स्कूल में 350 बच्चियां फिर भी आवेदन को स्वीकृति नहीं

जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा ने बताया कि स्कूलों की मरम्मत के लिए जिले के स्कूलों से कमरों, शौचालय सहित अन्य कार्य के लिए आए आवेदनों को स्वीकृति दी गई है। टंडवा हाईस्कूल से भी शौचालय निर्माण के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन इसकी स्वीकृति नहीं दी गई है, जबकि इस स्कूल में 750 बच्चे पढ़ते हैं। इनमें 350 छात्राओं की संख्या है। ऐसे में क्षतिग्रस्त हो चुके शौचालय के कारण बच्चियों को स्कूल के बाहर खुले मैदान में जाना पड़ता है।

# बिना बारिश के होगी रेनी सीजन की विदाई, बढ़ी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सिस्टम के कमजोर होने के बाद गतिविधि कम होने की वजह से बारिश के मौसम की विदाई बिना बरसात के होने के आसार है। अगले तीन दिन तक प्रदेश में एक दो स्थानों पर बूंदाबांदी होने की संभावना है। आसमान साफ होने की वजह से शनिवार को गर्मी ने असर दिखाया और शहर का पारा 34 डिग्री तक पहुंच गया है।

- बादल छंटते ही तापमान 34 डिग्री पर पहुंचा

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी का प्रवेश जारी है। इसकी वजह से यहां बारिश की गतिविधि अक्टूबर में रहने की संभावना है। फिलहाल सिस्टम के कमजोर होने की वजह से एक जून से 30 सितंबर के रेनी सीजन के अंतिम दिनों में भारी बारिश की संभावना नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में कुछ कमी है और बरसात की अच्छी स्थिति बलरामपुर जिले के चांदो में सात सेमी. बारिश दर्ज की गई थी। शनिवार को दिन में प्रदेश में वर्षा की गतिविधि ना के बराबर रही। शहर में बादल छंटने की वजह से दिन का अधिकतम तापमान डेढ़ डिग्री अधिक होकर 34 तक पहुंच गया। आज दोपहर धूप की तेजी की वजह से गर्मी का अहसास होता रहा है।

#### जिले में सात सेमी. कम वर्षा

मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार रायपुर जिले में रेनी सीजन की औसत से सात सेमी. तक बारिश हुई है। यहां 30 सितंबर की स्थिति में 1051 मिमी. वर्षा दर्ज की जाती है मगर इस बार 982 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। सितंबर के महीने में रायपुर में बादल 220 मिमी. तक बरसे है जो पिछले साल की तुलना में कम है।


# हार्ट ट्रांसप्लांट करने ऑपरेशन थिएटर निर्माण की धीमी चाल, डेढ़ साल में केवल ढांचा बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हार्ट ट्रांसप्लांट की शुरुआत करने शासकीय अस्पताल में माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम धीमी गति से चल रहा है। करीब डेढ़ साल पहले शुरू हुए काम के बाद केवल ढांचा खड़ा हो पाया है। हार्ट से संबंधित सर्जरी के लिए ओटी निर्माण में दो करोड़ रुपए खर्च किया जाना है।

जानकारी के अनुसार ऑपरेशन थियेटर का निर्माण सीजीएमएससी के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए कक्ष बनाने का काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के पीछे बनाए जाने वाली इस योजना को करीब दो साल पहले मंजूरी दी गई थी और डेढ़ साल से काम ही पूरा नहीं हो पाया है। दावा किया जा रहा था कि नए ओटी के माध्यम से दिल के सरकारी अस्पताल में ज्यादा संख्या में ऑपरेशन किए जा सकेंगे। इसके साथ आर्गन डोनेशन के तहत यहां हार्ट ट्रांसप्लांट की सुविधा भी प्रारंभ की जा सकेगी। जो राज्य में किसी भी चिकित्सकीय संस्थान में नहीं है। अभी एसीआई में एक ऑपरेशन थियेटर है जिसके माध्यम से सर्जरी की जाती है। चिकित्सकों के मुताबिक दिक्कतें तब ज्यादा होती है जब दो मरीजों का ऑपरेशन करना पड़ता है। नया निर्माण पूरा होने के बाद इस तरह की परेशानी नहीं होगी मगर योजना पूरी होने का नाम ही नहीं ले रही है।

- एसीआई के बीच दो करोड़ की लागत से बनाया जाना है मॉड्यूलर ओटी



#### ज्यादा सर्जरी होगी

ऑपरेशन थियेटर का काम पूरा होने के बाद ज्यादा से ज्यादा सर्जरी की जा सकेगी। इसका लाभ हृदय की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को मिलेगा।

- डॉ. कृष्णाकांत साहू, सर्जन सीटीवीएस, आंबेडकर अस्पताल

#### तीन दिन पहले शुरू हुआ काम

ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम तीन दिन पहले शुरू हुआ है। प्रस्तावित स्थल पर मौजूद मजदूर ने बताया कि बारिश की वजह से काम पर पूरी तरह ब्रेक लग गया था। बरसात बंद होने के बाद ठेकेदार द्वारा काम शुरू करने के लिए उन्हें फिर से बुलाया है। सिविल वर्क पूरा होने के बाद मॉडयूलर ओटी के लिए उपकरण सहित अन्य खरीदी के लिए प्रक्रिया पूरी की जाएगी जिसमें काफी वक्त लगने की संभावना है।

#### एबीजी किट नहीं, हार्ट सर्जरी अटकी है

एसीआई में ऑपरेशन के दौरान खून में ऑक्सीजन की स्थिति नापने के लिए की जाने वाली जांच के लिए जिस एबीजी किट का उपयोग होता है उसकी उपलब्धता अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री से लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्देश जारी किया जा चुका है मगर अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसकी वजह से ओपन हार्ट सर्जरी बंद हो चुकी है। डाक्टर फिलहाल वहां हृदय की नसों के ब्लाकेज खोलने अथवा ट्यूमर हटाने ऑपरेशन कर रहे हैं।

## बिजनेस साइट

# स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024, पीएनबी का श्रमदान कार्यक्रम



**रायपुर।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के अंचल एवं मंडल कार्यालय रायपुर द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024' के तहत मरीन ड्राइव तेलीबांधा में शनिवार को श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान का हिस्सा है, जिसका विषय 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' है।

कार्यक्रम में पीएनबी, रायपुर अंचल के महाप्रबंधक आशीष चतुर्वेदी और मंडल प्रमुख वीरेंद्र शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अंचल और मंडल कार्यालय के कर्मचारियों के साथ-साथ रायपुर की सभी शाखाओं के स्टाफ ने मरीन ड्राइव परिसर की सफाई की।

इसके बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत तेलीबांधा शाखा कार्यालय में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक और नगर निगम के सफाई कर्मियों के लिए निवारक स्वास्थ्य जांच की गई। महाप्रबंधक श्री चतुर्वेदी और श्री शर्मा ने स्वास्थ्य सुरक्षा सामग्री और पीपीई किट का वितरण किया।

# विश्व हृदय दिवस पर श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का विशेष कार्यक्रम




**रायपुर।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर श्री वेंकटेश हॉस्पिटल ने पिछले सात दिनों में एक निशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 700 से अधिक मरीजों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न हृदय रोगों के लिए परामर्श और जांचों पर 25 प्रतिशत की छूट दी गई। शिविर का समापन एक वॉकथान के माध्यम से किया गया, जिसमें 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान स्वस्थ हृदय के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। हॉस्पिटल के सीईओ विनीत सैनी ने बताया कि 29 सितंबर को एक मैराथन इवेंट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 51 घंटे तक हृदय स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नों का उत्तर हॉस्पिटल के डॉक्टर्स देंगे। यह इवेंट 29 सितंबर सुबह 9 बजे से 1 अक्टूबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।





हरिभूमि
# सेहत भूमि



रायपुर, रविवार, 29 सितंबर 2024 haribhoomi.com


# हृदय रोग और मधुमेह से बचाव ?

आधुनिक जीवनशैली और खानपान की आदतों के कारण हृदय रोग, मधुमेह और मोटापा जैसी बीमारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह बीमारियां अब केवल बड़े लोगों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि युवाओं और बच्चों में भी तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में समय पर सही उपचार और जीवनशैली में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

## आयुर्वेद और हृदय रोग

आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली में हृदय रोगों का उपचार बहुत प्रभावी रूप से किया जाता है। मधवबाग द्वारा प्रस्तुत ’संपूर्ण हृदय शुद्धीकरण थेरैपी’ इसी दिशा में एक उत्कृष्ट कदम है। इस थेरपी के माध्यम से हृदय की ब्लॉकेज को दूर करने, उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने और मोटापे को कम करने में मदद की जाती है। यह उपचार पूरी तरह से प्राकृतिक और हानिरहित होता है।

## थेरैपी की विशेषताएं

1. **प्राकृतिक और आयुर्वेदिक उपचार :** इस थेरपी में बिना किसी सर्जरी या केमिकल दवाओं के उपयोग के हृदय की ब्लॉकेज को दूर किया जाता है। आयुर्वेदिक दवाओं और पद्धतियों का इस्तेमाल करते हुए यह उपचार पूरी तरह से सुरक्षित और प्रभावी है।
2. **10 लाख से अधिक रोगियों का इलाज :** विज्ञापन में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, मधवबाग के इस उपचार से अब तक 10 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। यह थेरपी हृदय रोगियों के लिए एक नया विकल्प प्रस्तुत करती है जो पारंपरिक उपचार के स्थान पर प्राकृतिक उपाय अपनाना चाहते हैं।
3. **रिसर्च आधारित उपचार :** मधवबाग के डॉक्टरों द्वारा किए गए रिसर्च और अनुभव के आधार पर इस थेरपी को विकसित किया गया है, जोकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी कारगर साबित हुई है।

## हृदय रोगों के लक्षण और कारण

हृदय रोगों के कई सामान्य लक्षण होते हैं, जैसे:

1. सीने में दर्द या दबाव
2. सांस लेने में कठिनाई
3. धड़कन तेज होना या अनियमित होना

अत्यधिक थकान या कमजोरी महसूस करना

इसके प्रमुख कारणों में उच्च रक्तचाप, धूम्रपान, असंतुलित आहार, शारीरिक गतिविधियों की कमी, और तनाव शामिल हैं। इसके अलावा, मधुमेह और मोटापा भी हृदय रोगों के खतरे को बढ़ा देते हैं।

## मधुमेह का आयुर्वेदिक उपचार

मधुमेह भी एक गंभीर बीमारी है जो शरीर में शुगर लेवल के असंतुलन के कारण होती है। आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से मधुमेह को नियंत्रित करने में बड़ी मदद मिल सकती है। मधवबाग की थेरपी में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का उपयोग किया जाता है, जो शरीर के शुगर लेवल को नियंत्रित करने और इंसुलिन की आवश्यकता को कम करने में सहायक होती हैं।




## मोटापा और उच्च रक्तचाप का समाधान

मोटापा और उच्च रक्तचाप भी आजकल आम समस्याएं बन चुकी हैं। यह दोनों स्थितियां हृदय रोगों के लिए जोखिम कारक हैं। मोटापे के कारण हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और रक्तचाप बढ़ जाता है। मधवबाग की थेरपी मोटापा कम करने में भी मदद करती है, जिससे हृदय पर से दबाव कम होता है और रक्तचाप सामान्य रहता है।

आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी बीमारियों का सुरक्षित और प्रभावी समाधान संभव है। मधवबाग द्वारा प्रस्तुत "संपूर्ण हृदय शुद्धीकरण थेरैपी" एक वैज्ञानिक और प्राकृतिक पद्धति है, जो लाखों लोगों को लाभ पहुंचा चुकी है। यदि आप भी इन बीमारियों से पीड़ित हैं और प्राकृतिक उपचार की ओर रुख करना चाहते हैं, तो मधवबाग की सेवाएं आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं।

W ORLD HEART DAY 29 SEPTEMBER

## थायरॉइड: एक सामान्य लेकिन महत्वपूर्ण ग्रंथि

थायरॉइड मानव शरीर की एक प्रमुख अंतःस्रावी (एंडोक्राइन) ग्रंथि है, जो गले के सामने वाले हिस्से में स्थित होती है। यह ग्रंथि छोटी होती है, लेकिन शरीर की कार्यप्रणाली में इसका अत्यधिक महत्व है। थायरॉइड ग्रंथि मुख्य रूप से दो प्रकार के हार्मोन – थायरोक्सिन (T 4 ) और ट्राईआयोडोथायरोनिन (T3) का स्राव करती है, जो शरीर की चयापचय क्रियाओं को नियंत्रित करते हैं।

## थायरॉइड से जुड़ी समस्याएं

थायरॉइड ग्रंथि की असामान्य क्रियाएं शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं, जिससे दो प्रमुख प्रकार की थायरॉइड समस्याएं उत्पन्न होती हैं:

1. **हाइपोथायरॉइडिज्म (Hypothyroidism):** इसमें थायरॉइड ग्रंथि सामान्य से कम हार्मोन का स्राव करती है। इसके कारण शरीर की चयापचय क्रियाएं धीमी हो जाती हैं। इसके लक्षणों में थकान, वजन बढ़ना, ठंड महसूस होना, बालों का झड़ना, त्वचा का सूखना, और कब्ज शामिल हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म का इलाज मुख्य रूप से थायरॉइड हार्मोन की कमी को दवाओं के माध्यम से पूरा करके किया जाता है।
2. **हाइपरथायरॉइडिज्म (Hyperthyroidism):** इसमें थायरॉइड ग्रंथि सामान्य से अधिक हार्मोन स्राव करती है, जिससे शरीर की क्रियाएं बहुत तेज हो जाती हैं। इसके लक्षणों में वजन का अचानक कम होना, दिल की धड़कन का तेज होना, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, और थकावट शामिल हैं। इस स्थिति के लिए दवाओं के साथ-साथ रेडियोएक्टिव आयोडीन या सर्जरी का सहारा लिया जा सकता है।


## थायरॉइड की समस्या के कारण

थायरॉइड समस्याओं के कई कारण हो सकते हैं। इनमें से प्रमुख कारणों में ऑटोइम्यून डिसऑर्डर (जैसे ग्रेव्स डिजीज या हाशिमोटो थायरॉइडिटिस), आयोडीन की कमी या अधिकता, अनुवांशिक कारक, और कुछ दवाओं का प्रभाव शामिल हैं। महिलाओं में थायरॉइड की समस्या पुरुषों की अपेक्षा अधिक होती है, विशेषकर गर्भावस्था के दौरान या रजोनिवृत्ति के बाद।







**ब्लॉकेजेस** की वजह से मुझे बायपास करने की सलाह दी थी।



**8 साल मधुमेह** की दवाईयाँ और इन्स्युलिन लेकर मैं तंग आ गयी थी



**वर्क प्रेशर** की वजह से मुझे उच्च रक्तचाप की तकलीफ हुई थी



**मोटापा** व थायराईड के कारण सालों से तकलीफ में था



**उसी वक्त हमें पता चला एक नया विकल्प !**

- हृदयरोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा जैसी बीमारियों का बिना शल्यक्रिया (सर्जरी) रिसर्च बेस्ड आयुर्वेदिक उपचार।
- 10 लाख से अधिक रोगियों ने लिया लाभ।
- पूर्णतः हानिरहित उपचार।

माधवबाग™
मल्टीडिसिप्लिनरी कार्डियाक केअर क्लिनिक्स् अँन्ड हॉस्पिटल्स्

माधवबाग के संपूर्ण हृदय शुद्धीकरण थेरपीज
SHS
हम न केवल हृदयरोग का उपचार करते हैं पर उसका विपर्य करते हैं

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें:
**87704-84939, 75874-81139**



**DR. VIJENDRA K. KASHYAP**
BAMS- Ayurved
Preventive Cardiologist



**DR. POOJA BAGADE**
BAMS- Ayurved, Panchkarma
(NRIP), Preventive Cardiologist

**राजनांदगाँव क्लिनिक - बर्फानी धाम गेट, आर के नगर, जी.ई.रोड, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**रायपुर क्लिनिक - एल-2, सेक्टर - 2, अग्रोहा कालोनी, शिव मंदिर के पास, अशोका बिरयानी के पीछे, रिंग रोड - 1, रायपुरा, रायपुर**

/madhavbaug.heartcare YouTube /Madhavbaug www.madhavbaug.org





# हृदय रोगों से बचाव के प्रति जागरूकता का संदेश

विश्व हृदय दिवस (World Heart Day) हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य हृदय रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को अपने दिल की सेहत का ख्याल रखने के लिए प्रेरित करना है। हृदय रोगों का खतरा आज के समय में एक गंभीर समस्या बन चुका है, और यह न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। ऐसे में इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

## विश्व हृदय दिवस का इतिहास

विश्व हृदय दिवस की शुरुआत वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन द्वारा वर्ष 2000 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में हृदय रोगों के कारण, लक्षण, रोकथाम और इलाज के बारे में जागरूकता फैलाना था। विश्व हृदय संघ ने इसे हर साल 29 सितंबर को मनाने का फैसला किया ताकि लोग अपने हृदय की सेहत पर ध्यान दे सकें और हृदय से जुड़ी समस्याओं से बचने के उपाय अपना सकें। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना है कि हृदय रोगों को रोका जा सकता है और इसके लिए जीवनशैली में बदलाव लाना आवश्यक है।

## हृदय रोगों के प्रमुख कारण

हृदय रोगों के कई कारण होते हैं, जिनमें से कुछ को नियंत्रित किया जा सकता है जबकि कुछ अनियंत्रित होते हैं। सबसे आम कारणों में शामिल हैं:

1. असंतुलित आहार : जंक फूड, तला हुआ भोजन और अधिक तेल-मसाले युक्त भोजन का सेवन हृदय रोगों का प्रमुख कारण बनता है। अत्यधिक वसा और कोलेस्ट्रॉल युक्त आहार हृदय की धमनियों को बंद कर सकते हैं, जिससे दिल का दौरा या स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है।

2. धूम्रपान और शराब का सेवन : धूम्रपान और शराब का अधिक सेवन हृदय के लिए अत्यधिक हानिकारक होता है। धूम्रपान करने से रक्त की धमनियां संकरी हो जाती हैं, जिससे रक्त प्रवाह में बाधा आती है और हृदय को रक्त पंप करने में कठिनाई होती है।

3. अधिक तनाव : तनाव हृदय रोगों का एक अन्य प्रमुख कारण है। जब व्यक्ति लगातार तनाव में रहता है, तो उसका हृदय तेज़ी से धड़कता है और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जो हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ाता है।

4. शारीरिक गतिविधि की कमी : आधुनिक जीवनशैली में लोग अक्सर शारीरिक गतिविधियों से दूर हो गए हैं। दिनभर बैठे रहने वाली जीवनशैली, जैसे कि ऑफिस में लंबे समय तक बैठना, हृदय रोगों के लिए एक प्रमुख कारण है।

5. मधुमेह और उच्च रक्तचाप : मधुमेह और उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) हृदय रोगों के लिए जोखिम कारक होते हैं। इन स्थितियों में शरीर में रक्त प्रवाह की समस्याएं होती हैं, जिससे हृदय पर अधिक दबाव पड़ता है।

## हृदय रोगों के लक्षण

हृदय रोगों के लक्षणों को पहचानना बहुत जरूरी है ताकि समय पर इलाज किया जा सके। कुछ सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं:

1. सीने में दर्द या दबाव : यदि किसी व्यक्ति को सीने में दर्द, जकड़न, या दबाव महसूस होता है, तो यह दिल का दौरा होने का संकेत हो सकता है। इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए।

2. सांस लेने में कठिनाई : यदि आपको सांस लेने में कठिनाई महसूस हो रही है या सांस लेने में कठिनाई के साथ सीने में दर्द हो रहा है, तो यह हृदय रोग का संकेत हो सकता है।

3. तेज़ दिल की धड़कन : दिल की धड़कन का अचानक तेज़ हो जाना या अनियमित धड़कनें हृदय रोग का संकेत हो सकती हैं।

4. थकान : बिना किसी खास कारण के लगातार थकान महसूस करना भी हृदय रोग का एक लक्षण हो सकता है। यह तब होता है जब हृदय पर्याप्त मात्रा में रक्त पंप नहीं कर पाता है।

5. चक्कर आना : चक्कर आना, बेहोशी, या कमजोरी महसूस होना भी हृदय रोग का लक्षण हो सकता है।

WORLD HEART DAY
29 SEPTEMBER



## हृदय रोगों से बचाव के उपाय

हृदय रोगों से बचने के लिए जीवनशैली में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने की जरूरत होती है। यहां कुछ उपाय दिए जा रहे हैं जो हृदय को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं:

1. स्वस्थ आहार : संतुलित और पोषण से भरपूर आहार का सेवन करें। आहार में ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर भोजन शामिल करें। नमक, शक्कर और तले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें।

2. नियमित शारीरिक गतिविधि : हर दिन कम से कम 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि अवश्य करें। पैदल चलना, दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना जैसी गतिविधियां हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करती हैं।

3. धूम्रपान और शराब से परहेज : यदि आप धूम्रपान करते हैं तो इसे तुरंत छोड़ दें। धूम्रपान हृदय के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। इसके अलावा, शराब का सेवन भी कम मात्रा में या बिल्कुल न करें।

4. तनाव प्रबंधन : तनाव को नियंत्रित करने के लिए योग, ध्यान और अन्य तनाव प्रबंधन तकनीकों का सहारा लें। मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का ख्याल रखना हृदय को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


5. नियमित स्वास्थ्य जांच : समय-समय पर अपने ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और शुगर के स्तर की जांच करवाते रहें। इससे आपको किसी भी स्वास्थ्य समस्या के संकेत पहले ही मिल सकते हैं और समय रहते इलाज किया जा सकता है।

6. मधुमेह और उच्च रक्तचाप का प्रबंधन : यदि आपको मधुमेह या उच्च रक्तचाप है, तो इसे नियंत्रित रखें। डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाओं का सेवन करें और नियमित रूप से जांच कराएं।

## 2024 की थीम और संदेश

हर साल विश्व हृदय दिवस की एक विशेष थीम होती है, जिसका उद्देश्य लोगों को दिल की सेहत के प्रति जागरूक करना है। 2024 की थीम "Use Heart, Know Heart" है। इस थीम के माध्यम से लोगों को अपने दिल को समझने और उसे स्वस्थ रखने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इसका मतलब यह है कि हम अपने दिल की सेहत को लेकर अधिक जागरूक हों, सही निर्णय लें, और हृदय की समस्याओं को दूर करने के उपायों को अपनाएं।

**"दिल स्वस्थ तो जीवन खुशहाल।**
**अपने दिल को मजबूत बनाएं,**
**अपने भविष्य को स्वस्थ बनाएं।"**






AdPRAYAS

WORLD HEART DAY 29 SEP | USE ❤ FOR ACTION

Shri Venkatesh Superspeciality Hospital

# 51 घंटे लगातार दिल की सेहत की बात

29TH SEPT TO 1ST OCT 2024

A WORLD RECORD ATTEMPT

## अपने हृदय रोग संबंधी सवालों के समाधान पाएं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों से

वरिष्ठ विशेषज्ञ

**डॉ. कमलकांत आदिले**
एम.डी., डी.एम (कार्डियोलॉजी)
एफ.ई.एस.सी., एफ.एस.सी.ए.आई. (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट)

**डॉ. चंदेल**
एमसीएच
(कार्डियो थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी)

ASK YOUR QUESTION

HCC Your Name to 7772943943

## श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का प्रयास आपके दिल की सेहत के लिए...

दिनाँक 28 सितम्बर की सुबह 6 बजे "वॉक फॉर हार्ट" वॉकथॉन का आयोजन भी किया। जिसमें 300 से अधिक लोगो में भाग लेकर स्वस्थ हृदय के लिए पैदल चाल किया एवं सेहत को लेकर लोगोंको जागरुक रहने का संदेश दिया।















### विशाल हृदय रोग परामर्श शिविर

दिनाँक 23 से 27 सितम्बर तक निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ सम्बंधित जांचों पर 25 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की गई। उक्त शिविर की विभिन्न समुदायों द्वारा सराहना हुई एवं 700 से अधिक विभिन्न हृदय रोगों के मरीजों ने पुरे प्रदेश से लाभ प्राप्त किया।

### प्रेसवार्ता

श्री वेंकटेश हॉस्पिटल ने अपने हॉस्पिटल के गंभीर हृदय रोग से उपचार होकर गए ऐसे मरीज जो आज एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रहे है उनका एक सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें 60 से अधिक मरीजों ने अपने परामर्श एवं उपचार के अनुभव लोगो से साझा किया एवं अन्य लोगो के लिए प्रेरणा संदेश दिया।










## आधुनिक कार्डियक केयर संस्थान



### उपलब्ध सुविधाएँ

- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग
- पेसमेकर इंप्लांटेशन
- बाईपास सर्जरी
- वाल्व रिपेयर एवं रिप्लेसमेंट
- हृदय में छेद की सर्जरी
- वैस्कुलर सर्जरी
- ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट

### MICS की विशेषताएं

- छाती की हड्डियों को बिना काटे हार्ट सर्जरी
- न्यूनतम रक्त स्राव
- कम दर्द
- जल्द से स्वास्थ्य सुधार व अस्पताल से छुट्टी
- ऑपरेशन के बाद 15 दिनों में अपने काम पर वापसी
- डायबिटिक पेशेंट के लिए बेहतर

Khanna

**170+** बिस्तरों वाला सुपरस्पेशलिटी अस्पताल | **200+** अनुभवी एवं प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ | **45+** आधुनिक आईसीयू बेड | **24x7** आधुनिक आपातकालीन विभाग | **30+** डॉक्टरों की विस्तृत टीम


वीडियो के माध्यम से अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करें

## श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

पता : सी-14, सेक्टर-8ए, कौशल्या विहार, रायपुर (छ.ग.)

info@shrivenkateshhospital.com | shrivenkateshhospital.in | shrivenkateshsuperspecialityhospital | 0771 310 3333, 7880 081 828

# कैंसर उपचार में आधुनिकता का नया आयाम



कैंसर का इलाज चिकित्सा जगत में हमेशा एक चनौती रहा है। समय के साथ, चिकित्सा विज्ञान में तेजी से विकास हुआ है, और इसी क्रम में रोबोटिक कैंसर सर्जरी एक बडी क्रांति के रूप में सामने आई है। इस सर्जरी में अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिससे सर्जरी की सटीकता, प्रभावशीलता और मरीजों की रिकवरी में सुधार हुआ है। यह तकनीक कई प्रकार के कैंसर के इलाज में प्रभावी साबित हो रही है, खासकर उन मामलों में जहां पारंपरिक सर्जरी जटिल होती है या संभावित जोखिम अधिक होते हैं।

## रोबोटिक कैंसर सर्जरी क्या है?

रोबोटिक कैंसर सर्जरी एक प्रकार की मिनिमल इनवेसिव सर्जरी है, जिसमें अत्याधुनिक रोबोटिक सिस्टम का उपयोग करके सर्जरी की जाती है। इस सर्जरी में सर्जन एक कंसोल के माध्यम से रोबोटिक आर्म्स को नियंत्रित करते हैं। यह तकनीक सर्जन को 3D दृश्य प्रदान करती है, जिससे ऑपरेशन के दौरान सटीकता और नियंत्रण बढ़ता है। सर्जरी में इस्तेमाल किए जाने वाले ये रोबोटिक आर्म्स छोटे और सटीक होते हैं, जिससे शरीर के छोटे हिस्सों में भी जटिल सर्जरी करना आसान हो जाता है रोबोटिक सर्जरी की प्रक्रिया में सर्जन सीधे ऑपरेशन नहीं करते, बल्कि रोबोट के माध्यम से जटिल ऑपरेशन को नियंत्रित करते हैं। इसमें सर्जिकल रोबोट के माध्यम से कैमरा और अन्य उपकरणों को शरीर के अंदर डालकर ट्यूमर को हटाया जाता है या अन्य उपचार किए जाते हैं। यह तकनीक शरीर के संवेदनशील हिस्सों में कैंसर के इलाज में विशेष रूप से उपयोगी होती है, जहां पारंपरिक सर्जरी अधिक जोखिमभरी हो सकती है।

## रोबोटिक कैंसर सर्जरी की प्रक्रिया

1. कंसोल कंट्रोल : रोबोटिक कैंसर सर्जरी में सर्जन ऑपरेशन थियेटर में नहीं खड़े होते, बल्कि एक विशेष कंसोल पर बैठकर ऑपरेशन करते हैं। इस कंसोल से सर्जन रोबोटिक आर्म्स को नियंत्रित करते हैं। सर्जन की हर हरकत का रोबोट सटीकता से पालन करता है।

2. रोबोटिक आर्म्स : सर्जरी के दौरान रोबोटिक आर्म्स का उपयोग किया जाता है, जो सर्जन के हाथों की तुलना में बहुत अधिक स्थिर और सटीक होते हैं। यह आर्म्स बहुत छोटे चीरे (incisions) के जरिए शरीर के अंदर पहुंचते हैं और सर्जरी करते हैं।

3. कैमरा और 3D इमेजिंग : सर्जरी के दौरान, एक हाई-डेफिनिशन कैमरा ऑपरेशन क्षेत्र का 3D व्यू सर्जन को प्रदान करता है, जिससे उन्हें ऑपरेशन क्षेत्र का विस्तृत और स्पष्ट दृश्य मिलता है। इस दृष्टिकोण से सर्जरी और भी सटीक हो जाती है।

4. सटीकता : रोबोटिक कैंसर सर्जरी की सबसे बड़ी खासियत इसकी सटीकता है। यह उन क्षेत्रों में भी सर्जरी को संभव बनाती है जहां पारंपरिक सर्जरी कठिन होती है, जैसे फेफड़े, सिर और गर्दन या प्रोस्टेट।

## रोबोटिक कैंसर सर्जरी के लाभ

1. कम चीरे और कम दर्द : पारंपरिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी में बहुत छोटे चीरे लगाए जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप सर्जरी के बाद कम दर्द होता है और मरीज की रिकवरी भी तेज होती है। यह तकनीक न केवल मरीज के लिए अधिक आरामदायक होती है, बल्कि सर्जरी के बाद होने वाली जटिलताओं का खतरा भी कम कर देती है।

2. तेजी से रिकवरी : पारंपरिक सर्जरी के बाद मरीज को ठीक होने में अधिक समय लगता है, लेकिन रोबोटिक सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी तेज होती है। यह तकनीक मरीजों को अस्पताल से जल्दी डिस्चार्ज होने और सामान्य जीवन में जल्दी लौटने की सुविधा प्रदान करती है।

3. कम रक्तस्राव : रोबोटिक सर्जरी के दौरान छोटे-छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे शरीर में ब्लड लॉस कम होता है। इससे मरीज को सर्जरी के दौरान और बाद में रक्त चढ़ाने की आवश्यकता कम हो जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहतर होता है।4. संक्रमण का कम खतरा: पारंपरिक सर्जरी में जहां बड़े चीरे लगाए जाते हैं, वहां संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन रोबोटिक सर्जरी में छोटे चीरे लगने के कारण संक्रमण का खतरा भी कम हो जाता है, जिससे मरीज जल्दी ठीक हो सकता है।

5. जटिल क्षेत्रों में सर्जरी की सटीकता : रोबोटिक आर्म्स को कंप्यूटर की मदद से सटीक रूप से नियंत्रित किया जाता है। यह जटिल और संवेदनशील क्षेत्रों, जैसे सिर, गर्दन, प्रोस्टेट, और पेट के कैंसर के इलाज में विशेष रूप से उपयोगी होता है। यह उन स्थानों पर भी पहुंच सकता है, जहां मानव हाथों की सटीकता सीमित होती है।

## किन कैंसरों में होती है रोबोटिक सर्जरी?

1. प्रोस्टेट कैंसर : रोबोटिक सर्जरी प्रोस्टेट कैंसर के उपचार में सबसे अधिक उपयोग की जाती है। यह प्रोस्टेट ग्रंथि को सटीक रूप से हटाने में मदद करती है और आसपास के नसों और ऊतकों को नुकसान नहीं पहुंचाती है।

2. गाइनेकोलॉजिकल कैंसर : गर्भाशय, डिंबग्रंथि और अन्य महिला जननांगों से संबंधित कैंसर के इलाज में रोबोटिक सर्जरी बहुत कारगर होती है। यह जटिल मामलों में सर्जरी को सरल बनाती है।


3. सिर और गर्दन का कैंसर : सिर और गर्दन के संवेदनशील हिस्सों में कैंसर के लिए यह तकनीक बहुत उपयोगी होती है। पारंपरिक सर्जरी में जहां नुकसान का खतरा अधिक होता है, वहीं रोबोटिक सर्जरी से यह खतरा कम हो जाता है।

4. फेफड़ों का कैंसर : रोबोटिक सर्जरी फेफड़ों के कैंसर के उपचार में भी मददगार होती है। यह सर्जरी फेफड़ों के जटिल क्षेत्रों में सटीकता से कैंसर कोशिकाओं को हटाने में सक्षम होती है।

5. पेट और आंतों का कैंसर : पेट और आंतों के कैंसर के उपचार में भी रोबोटिक सर्जरी का उपयोग बढ़ रहा है। इससे पेट के संवेदनशील हिस्सों में सर्जरी के दौरान सटीकता बढ़ती है।

## रोबोटिक कैंसर सर्जरी के चुनौतियां

हालांकि रोबोटिक सर्जरी कई मामलों में अत्यधिक प्रभावी है, लेकिन इसके कुछ चुनौतियां भी हैं। पहला, यह तकनीक हर अस्पताल में उपलब्ध नहीं होती, क्योंकि इसके लिए अत्यधिक उन्नत उपकरणों और प्रशिक्षित सर्जनों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, रोबोटिक सर्जरी की लागत पारंपरिक सर्जरी की तुलना में अधिक होती है, जिससे यह सभी मरीजों के लिए सुलभ नहीं हो पाती।




# संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल


छत्तीसगढ़ का एक अत्याधुनिक हॉस्पिटल जहां
एक ही छत के नीचे निम्नलिखित एडवांस्ड सुविधाएं उपलब्ध



रोबोटिक कैंसर सर्जरी



रैपिड आर्क रेडियोथेरपी



एडवांस्ड पेट-सीटी



बोन मैरो ट्रांसप्लांट



आई.एच.सी. एवं फ्रोज़न सेक्शन



न्यूरो माइक्रो-स्कोप एवं न्यूरो नेविगेशन सिस्टम

मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.), +917389905010, 4010, +7714081010, 4061010